आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

महा शिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 26 | अंक : 77 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 08 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री का तोहफा

# 'अब बारी है तेरी उड़ान की तू बेटी है हिन्दुस्तान की'...

## घरेलू गैस सिलेंडर पर 100 रुपये की छूट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की मां-बहनों और बेटियों को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने एलान किया कि महिलाओं को घरेलू गैस सिलेंडर पर 100 रुपये की छूट दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स एकाउंट पर एक वीडियो भी शेयर किया है। जिसमें उन्होंने महिला शक्ति के बारे में बताया है।

पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

उन्होंने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा लक्ष्य परिवारों की भलाई की दिशा में काम करते रहना है। इससे हम एक स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए जीवनयापन को आसान करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है।




## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी



पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी, पोस्ट में उन्होंने कहा कि हम नारी शक्ति की ताकत और साहस को सलाम करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हैं। हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले दशक में यही हमारी उपलब्धियों में भी साफ झलकता है।




## करोड़ों परिवारों को राहत : योगी

आज 'महिला दिवस' के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

मातृशक्ति के सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करते इस लोक-कल्याणकारी सौगात के लिए प्रदेश वासियों की ओर से आपका हार्दिक आभार।

## यंग क्रिएटर्स सम्मानित





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अंतर्राष्टीय महिला दिवस के मौके पर कई युवा हस्तियों को नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया। भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कथावाचक जया किशोरी से लेकर लोकगायिका मैथिली ठाकुर और आरजे रौनक तक कई युवा हस्तियों को सम्मानित किया।

ये अवॉर्ड 20 से अधिक कैटेगरी में दिए गए हैं। जिनमें बेस्ट स्टोरीटेलिंग से लेकर सेलिब्रेटी क्रिएटर ऑफ द ईयर, ग्रीन चैम्पियन अवॉर्ड, बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज, मोस्ट इम्पैक्टफुल एग्री क्रिएटर, कल्चरल एंबेसेडर ऑफ द ईयर, इंटरनेशनल क्रिएटर अवॉर्ड, बेस्ट ट्रैवल क्रिएटर, स्वच्छ एंबेसेडर अवॉर्ड, द न्यू इंडिया चैम्पियन अवॉर्ड, टेक क्रिएटर अवॉर्ड, हेरिटेज फैशन आइकॉन अवॉर्ड, मोस्ट क्रिएटिव क्रिएटर (मेल एवं फीमेल), बेस्ट क्रिएटर इन फूड कैटेगरी, बेस्ट क्रिएटर इन एजुकेशन कैटेगरी, बेस्ट क्रिएटर इन गेमिंग कैटेगरी, बेस्ट माइक्रो क्रिएटर, बेस्ट नैनो क्रिएटर, बेस्ट हेल्थ एंड फिटनेस क्रिएटर कैटेगरी शामिल है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शिवालयों पर उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

### जगह-जगह हुआ जलाभिषेक तथा पूजा-अर्चना



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज महाशिवरात्रि के अवसर पर नोएडा में जगह-जगह शिवालयों पर शिवभक्तों ने जलाभिषेक के लिए तांता लगा रहा। सुबह से ही सभी मंदिरों में लोगों की लम्बी-लम्बी कतारें दिखीं। आज सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-2 के लाल मंदिर, सेक्टर-12 के कलरिया बाबा मंदिर, ए तथा एच ब्लॉक के मंदिर, बी ब्लॉक स्थित शिव दुर्गा मंदिर, सेक्टर-56 में लक्ष्मी लारायण मंदिर, सेक्टर-22 शिव मंदिर, सेक्टर-100 स्थित वोडा महादेव मंदिर समेत सैकड़ों मंदिरों में बच्चे, वृद्ध तथा माहिलाओं व युवतियों ने शंकर भगवान को जलाभिषेक किया तथा पूजा-अर्चना की। मंदिरों में सुरक्षा के लिए कई स्थानों पर पुलिस की पीसीआर भी मौजूद रही। श्रावण मास के महा शिवरात्रि पर समूचा शहर बोल बम, भोले बम के नारों से गूंज उठा।

## लिव इन में रह रही महिला ने लगाई फांसी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में लिव इन में रह रही एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या करना का मामला सामने आया है। नोएडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला और उसके उसके लिव इन पार्टनर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद महिला ने नोएडा में स्थित घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला नोएडा के सेक्टर 58 थाना क्षेत्र के नावदा गांव का है। जहां एक 32 वर्षीय महिला अपने लिव इन पार्टनर और दो बच्चों (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 'बुढ़िया ! तू और बुड्ढा मेरे लिए दारू और सिगरेट लाओगे नहीं तो जेल जाओगे'

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उम्र कम बताकर पहले लड़की ने शादी की, फिर जब लड़की बहू बनकर ससुराल आई तो उसने ऐसा तांडव मचाया कि ससुराल वालों के होश उड़ गए। धीरे-धीरे बहू की हरकतों ने ससुरालियों को मुश्किलों में डाल दिया। बहू की हरकतों से परेशान होकर वृद्ध सास ने अब कानून का सहारा लिया है।

गुर्जर कॉलोनी दादरी निवासी मालती कसाना (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके बेटे प्रीत की शादी 15 मार्च 2021 को गांव अनंगपुर जनपद फरीदाबाद निवासी हरिश्चंद्र धामा की पुत्री वर्षा के साथ हुई थी।

शादी के समय परिजनों ने वर्षा की उम्र 20-21 वर्ष के बीच बताई थी। शादी के बाद वर्षा ने हनीमून के लिए उन पर तथा परिवार पर विदेश जाने का दबाव बनाया। उन्होंने अपने बहू व बेटे को हनीमून के लिए दुबई जाने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गली-गली घूमकर लोगों के सुझाव लेगी मोबाइल वैन

### 15 तक चलेगा भाजपा का संकल्प-पत्र सुझाव अभियान : त्यागी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा महानगर भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए भाजपा द्वारा पूरे देश में संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारम्भ किया गया है। इसी क्रम में नोएडा महानगर के महाराणा प्रताप मंडल में वीडियो वेन एवं सुझाव पेटिका का शुभारंभ जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक उमेश त्यागी ने किया गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्रसव के दौरान महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रसव के दौरान एक महिला की जिम्स अस्पताल में मौत हो गई। महिला को गंभीर स्थिति में प्राइवेट अस्पताल से रेफर कर जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। थाना कासना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से ग्राम समसपुर थाना खुर्जा जनपद बुलंदशहर निवासी रविंद्र अपनी पत्नी व बच्चों के साथ नॉलेज पार्क क्षेत्र में रह रहा था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एमबीबीएस में बेटे के दाखिले के लिए बेच दिया घर, जालसाजों ने ठगा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हिमाचल प्रदेश के जनपद सोलन में स्थित महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर जालसाजों ने एक एमबीबीएस के छात्र के परिजन से 12 लाख रुपए हड़प लिए। छात्र के पिता ने अपने बेटे का भविष्य उज्जवल करने के लिए दाखिला दिलाने के लिए अपना घर तक बेच दिया। पैसे दिए जाने के बावजूद भी एमबीबीएस में दाखिला नहीं हो पाया। पीड़ित की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुपरटेक इको विलेज में रहने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## वृद्ध विधवा महिला के साथ जालसाजी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्लाट बेचने के नाम पर जालसाजों ने एक वृद्ध विधवा महिला के साथ 33 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर दी। वृद्धा से पैसे लेने के बाद जालसाजों ने प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। पैसे वापस मांगने पर वृद्धा को जान से मारने की धमकी दी गई। धोखाधड़ी का शिकार हुई वृद्धा ने थाना दादरी में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मेरठ निवासी वृद्ध (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## गुलेल गैंग ने फिर तोड़ा कार का शीशा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** वाहनों के शीशे तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला गिरोह नोएडा ग्रेटर नोएडा में पूरी तरह सक्रिय है। इस गिरोह के बदमाशों ने थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में एक कार का शीशा तोड़कर दो लैपटॉप, पर्स चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू सोसाइटी में रहने वाले अनमोल रोहन ने बताया कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 9 माह में पूरा हो जाएगा सेफसिटी प्रोजेक्ट

### 1044 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट जारी, 1187 करोड़ के पाइप लाइन में

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के विकास को पंख लगाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने कमर कस ली है। इसके लिए सिविल विभाग के 1044 करोड़ रू0 के प्रोजेक्ट चल रहे हैं तथा 1187 करोड़ रू0 के प्रोजेक्ट पाइप लाइन में है। शहर के विकास में तेजी लाने के उददेश्य से नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा0 लोकेश एम ने विभिन्न विभागों के प्रभारियों के साथ एक अहम बैठक की। जिसमें सभी विभागों ने चल रही योजनाओं तथा भावी योजनाओं को लेकर आंकड़े पेश किए। उप महाप्रबंधक (शेष पृष्ठ-3 पर)




### तीन मार्केट होंगे मेडिफाइड

ब्रह्मपुत्रा कांप्लेक्स को मोडिफाइ किया जा चुका है। इसी तर्ज पर तीन और बाजारों को मोडिफाइ किया जाएगा। इसमें सेक्टर-37 गोदावरी बाजार, सेक्टर-110 और सेक्टर-110 का ही बीडीएस बाजार। प्रत्येक बाजार में 2.5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका डिजाइन तैयार है। टेंडर प्रक्रिया करके काम शुरू कराया जाएगा।

### गांवों के विकास पर 70 करोड़ खर्च होंगे

उन्होंने बताया कि 2023-24 में गांवो के विकास के लिए कुल 70 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया था। इसमें से 59 प्रस्तावित योजनाएं थी। जिसमें 26 पर काम किया जा रहा है। इसे देखते हुए 2024-25 में भी 70 करोड़ का बजट रखा गया है। जिसमें गांवों का पूर्ण विकास करने का लक्ष्य रखा गया है।

## घर में घुसकर लड़की को छेड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के लखनावली गांव में मनचला युवक ने घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ की। युवती के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना सूरजपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ लखनावली गांव में रह रहा है। 6 मार्च को पड़ोस में रहने वाला सागर पुत्र राकेश जबरन उसके घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर जब वह दूसरे कमरे में पहुंचा तो सागर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पीड़ित के मुताबिक उसने सागर को पकड़ने की कोशिश की। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा




फ़ोन .08750611103

# नोट का सवाल

सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने संविधान पीठ का ही फैसला बदल दिया। फर्क इतना था कि 1998 की पीठ पांच न्यायाधीशों की थी, जिसने 'नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामला सुना था और 3-2 न्यायाधीशों के बहुमत से फैसला सुनाया था। अब संविधान पीठ सात न्यायाधीशों की है। मुद्दा संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत सांसदों और विधायकों के, सदन के भीतर, विशेषाधिकार का है। पहला केस झामुमो सांसदों को दी गई घूस का था, जिसके एवज में उन्होंने तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार के समर्थन में वोट दिए थे। वह अल्पमत सरकार थी और बहुमत के लिए कई सांसदों को 'खरीदा' गया था। विशेषाधिकार यह रहा है कि सांसद और विधायक सदन में अपना वोट बेच सकते थे। संविधान पीठ ने भी इसे 'माननीयों' का विशेषाधिकार करार दिया था। ऐसी घूस के लिए उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता था। यदि 'माननीय' रिश्वत लेकर, रिश्वत देने वाले पक्ष के बजाय, किसी और को वोट देता है, तो उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता था। नरसिम्हा राव सरकार के संदर्भ में संविधान पीठ का फैसला था कि न्यायपालिका विधायिका के सदन की कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, तो देश को निराशा हुई थी, क्योंकि विशेषाधिकार निरंकुश था। सांसद और विधायक सदन के भीतर कुछ भी बोल सकते थे, कोई भी सवाल पूछ सकते थे, भाषणों की भाषायी मर्यादा लांघ सकते थे, झूठ बोल कर गलत तथ्य पेश कर सकते थे, किसी की छवि बिगाड़ सकते थे, लेकिन वे दंडनीय नहीं थे। स्पीकर सोमनाथ चटर्जी ने 11 सांसदों की सदस्यता बर्खास्त कर दी थी, क्योंकि उन्होंने सदन में सवाल पूछे थे, लेकिन प्रायोजित सवाल पूछने के लिए घूस सदन के बाहर ली थी। बहरहाल अब सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ के सर्वसम्मत फैसले ने न केवल पुराना फैसला अप्रभावी और अप्रासंगिक बना दिया है, बल्कि सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार की परिभाषा ही बदल दी है। यह फैसला 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है, क्योंकि यह संसदीय लोकतंत्र को अपेक्षाकृत ईमानदार, स्वच्छ, शुचितापूर्ण और जिम्मेदार बना सकता है। 'माननीयों' की भेड़-बकरी की तरह खरीद-फरोख्त थम सकती है। सात न्यायाधीशों के फैसले के बाद अब घूस लेकर वोट देना, पैसे लेकर सवाल पूछना अथवा विशेष तरह से भाषण देना, सदन में किसी पर, कुछ भी आरोप लगाते हुए बोलना संसदीय विशेषाधिकार नहीं होगा। संविधान पीठ ने अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) की नई व्याख्या कर दी है। यह उसका संवैधानिक विशेषाधिकार भी है। अब दायित्व संसद पर है कि वह ऐसे संसदीय विशेषाधिकार को ही खत्म करे। संविधान में संशोधन करना संसद का विशेषाधिकार है। दरअसल हमारे सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार विदेशी नकल की देन हैं। ब्रिटेन के 'हाउस ऑफ कॉमन्स' (संसद का निचला सदन) के विशेषाधिकारों की तर्ज पर भारतीय संविधान में भी यह व्यवस्था की गई थी। यह भारतीय संस्कृति की मूल भावना का ही उल्लंघन माना जाना चाहिए, क्योंकि हमारी संस्कृति में 'राजा' को कानून से ऊपर नहीं माना जाता। वह भी दंडनीय है, लेकिन ब्रिटेन में मानते हैं कि राजा कोई गलती ही नहीं कर सकता। अब भारतीय संस्कृति का अनुसरण करते हुए हमारी संसद को भी संसदीय विशेषाधिकारों से जुड़े अनुच्छेदों में पर्याप्त संशोधन करने चाहिए। विशेषाधिकार को तो बिल्कुल ही समाप्त कर देना चाहिए। संसद में 'माननीय' जनता के प्रतिनिधि हैं और एक निश्चित पार्टी के चुनाव चिह्न पर जीत कर संसद में पहुंचे हैं। उन्हें जनता और पार्टी के प्रति निष्ठा बनाए रखनी चाहिए। दलबदल और क्रॉस वोटिंग के मामले हम देखते रहे हैं। 'माननीयों' को किसी रिसॉर्ट या होटल अथवा किसी गुप्त स्थान तक ले जाते हैं। उस समय सांसदों या विधायकों की स्थिति भेड़-बकरी जैसी या बंधक की तरह लगती है, क्योंकि वे बिकाऊ होते हैं। सात न्यायाधीशों की पीठ ने यह भी स्पष्ट किया है कि राज्यसभा के लिए वोट देना भी 'संसदीय कार्य' है। उसे संसदीय विशेषाधिकार में ही गिना जाएगा। सर्वोच्च अदालत ने 2006 में 'कुलदीप नैयर बनाम भारत संघ' मामले में फैसला दिया था कि राज्यसभा के लिए वोट देना 'संसदीय कार्य' नहीं है। उसकी समीक्षा करते हुए अब नया फैसला दिया गया है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जो पराई स्त्री में आसक्त, कपट करने में चतुर और मोह, द्रोह और ममता में लिपटे हुए हैं, वे ही मनुष्य अभेदवादी ( ब्रह्म और जीव को एक बताने वाले ) ज्ञानी हैं। मैंने उस कलियुग का यह चरित्र देखा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**आपु गए अरु तिन्हहू घालहिं। जे कहुँ सत मारग प्रतिपालहिं॥**
**कल्प कल्प भरि एक एक नरका। परहिं जे दूषहिं श्रुति करि तरका॥**

वे स्वयं तो नष्ट हुए ही रहते हैं, जो कहीं सन्मार्ग का प्रतिपालन करते हैं, उनको भी वे नष्ट कर देते हैं। जो तर्क करके वेद की निंदा करते हैं, वे लोग कल्प-कल्पभर एक-एक नरक में पड़े रहते हैं॥

**जे बरनाधम तेलि कुम्हारा। स्वपच किरात कोल कलवारा।**
**पनारि मुई गृह संपति नासी। मूड़ मुड़ाइ होहिं संन्यासी॥**

तेली, कुम्हार, चाण्डाल, भील, कोल और कलवार आदि जो वर्ण में नीचे हैं, स्त्री के मरने पर अथवा घर की संपत्ति नष्ट हो जाने पर सिर मुँड़ाकर संन्यासी हो जाते हैं॥

**ते बिप्रन्ह सन आपु पुजावहिं। उभय लोक निज हाथ नसावहिं॥**
**बिप्र निरच्छर लोलुप कामी। निराचार सठ बृषली स्वामी॥**

वे अपने को ब्राह्मणों से पुजवाते हैं और अपने ही हाथों दोनों लोक नष्ट करते हैं। ब्राह्मण अपढ़, लोभी, कामी, आचारहीन, मूर्ख और नीची जाति की व्यभिचारिणी स्त्रियों के स्वामी होते हैं॥

**सूद्र करहिं जप तप ब्रत नाना। बैठि बरासन कहहिं पुराना॥**
**सब नर कल्पित करहिं अचारा। जाइ न बरनि अनीति अपारा॥**

शूद्र नाना प्रकार के जप, तप और व्रत करते हैं तथा ऊँचे आसन (व्यास गद्दी) पर बैठकर पुराण कहते हैं। सब मनुष्य मनमाना आचरण करते हैं। अपार अनीति का वर्णन नहीं किया जा सकता॥

**दो0-भए बरन संकर कलि भिन्नसेतु सब लोग।**
**करहिं पाप पावहिं दुख भय रुज सोक बियोग॥**

कलियुग में सब लोग वर्णसंकर और मर्यादा से च्युत हो गए। वे पाप करते हैं और (उनके फलस्वरूप) दु:ख, भय, रोग, शोक और (प्रिय वस्तु का) वियोग पाते हैं॥

क्रमश:

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः राष्ट्र का आधार हैं देश की महिलाएं

प्रत्येक वर्ष की भांति अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज मनाया जा रहा है। 1910 में क्लारा जेटकिन नाम की एक महिला ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बुनियाद रखी थी। वस्तुतः इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देते हुए उनके प्रति सम्मान, विनम्रता और आदरभाव को प्रदर्शित करना है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का मकसद महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों यथा आर्थिक, शैक्षिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों को मान्यता देना भी है। हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस किसी न किसी थीम पर आधारित होता है और इस बार की थीम, 'इंस्पायर इंक्लूजन' है, जिसका अर्थ एक ऐसी दुनिया है, जहां हर किसी को बराबरी का हक और सम्मान मिले। भारत के संदर्भ में दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह भी है कि हमारी युवा शिक्षित बेटियां टेलीविजन/फिल्मों द्वारा परोसी जा रही अश्लीलता को निःसंकोच स्वीकार कर रही हैं एवं कई प्रकार के घटिया कार्यक्रमों के निर्माण, प्रचार एवं प्रसार में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। आजकल फेसबुक/इंस्टाग्राम पर स्वयं लड़कियां बढ़-चढ़कर अश्लीलता का प्रदर्शन करती मिल जाएंगी। अतएव इंटरनेट का अंधाधुंध सदुपयोग-दुरुपयोग युवा पीढ़ी के स्वतः अनुशासन का मामला बन चुका है। भारत की महिला साक्षरता दर विश्व के औसत 79.7 प्रतिशत से कम है। देश की आजादी के बाद से महिला साक्षरता में तेजी से वृद्धि हुई है।

जहां 1947 में कुल महिला साक्षरता दर मात्र 18 प्रतिशत थी, वह 2011 में बढ़कर 74.04 प्रतिशत हो गई थी। सकल घरेलू उत्पाद में महिलाओं के योगदान के मामले में वैश्विक औसत 37 प्रतिशत की तुलना में भारत में महिलाओं का योगदान मात्र 17 प्रतिशत है। यदि महिलाएं भी पुरुषों के समान अर्थव्यवस्था में भागीदारी करें तो इससे वर्ष 2025 तक भारत की वार्षिक जीडीपी में 2.9 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि हो सकती है। इसी तरह भारत की विधायिकाओं में महिला प्रतिनिधियों का अनुपात बहुत ही कम है। लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या कुल सांसदों की दस प्रतिशत भी नहीं है और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 5 प्रतिशत से भी कम है। यद्यपि भारतीय संविधान में हर महिला को गरिमा और शालीनता के साथ जीने का अधिकार मिला है, तथापि महिलाओं के प्रति अत्याचारों के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजातरीन मामला पश्चिम बंगाल से 100 किलोमीटर दूर संदेशखाली में महिलाओं के कथित रेप और उत्पीडऩ से जुड़ा हुआ है।




**सरकारी स्तर से बढक़र पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर सभी संस्थाओं के सक्रिय सहयोग से ही महिला उत्थान व महिला सम्मान को सुनिश्चित बनाया जा सकता है। बातें कहने भर से नारी सम्मानित नहीं होगी।**

महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों के आंकड़ों पर गौर फरमाएं तो आप पाएंगे कि पिछले 65 वर्षों में बलात्कार, यौन शोषण, हत्या, दहेज, तेजाब फेंकने और जलाने जैसी घटनाओं में कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है। गृह मंत्रालय के एनसीआरबी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में महिलाओं के प्रति 445256 आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे जिनमें उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में सबसे अधिक 65743 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके बाद महाराष्ट्र 45331, राजस्थान 45058, पश्चिम बंगाल 34738 और मध्य प्रदेश में 32765 एफआईआर दर्ज हुईं। भारत में दर्ज किए गए कुल मामलों में अकेले इन पांच राज्यों का योगदान ही 223635 अर्थात 50.2 प्रतिशत बनता है।

इस हिसाब से देखें तो हर घंटे लगभग 51 प्राथमिकी दर्ज की गईं। वहीं प्रति लाख आबादी पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों की दर 66.4 थी। भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ अधिकांश अपराध पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा अंजाम दिए गए।

जैसे महिलाओं के प्रति क्रूरता 31.4 प्रतिशत, महिलाओं का अपहरण 19.2 प्रतिशत, महिलाओं का शीलभंग करने के इरादे से हमला 18.7 प्रतिशत और बलात्कार 7.1 प्रतिशत मामले दर्ज हुए हैं। महिला सशक्तिकरण पर बहुत कुछ लिखा जा चुका है और प्रायः इस मुद्दे पर चर्चा भी होती रहती है, लेकिन जब तक जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त नहीं बनाया जाता और उनकी सुरक्षा को यकीनी नहीं बनाया जाता, तब तक अपने दायरे में सिमटी आधी आबादी की सक्रिय भागीदारी के बिना एक सुदृढ़ विकसित और कल्याणकारी भारत की कल्पना करना बेमानी होगा। पारिवारिक, सामाजिक तथा विद्यालयों में बालिकाओं, महिलाओं के आदर-सम्मान के प्रति किशोरों/नवयुवकों को जागरूक करने की जरूरत है तो वहीं घर और विद्यालयों में संस्कारों और चरित्र निर्माण की शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है। सरकारों को चाहिए कि महिला पुलिस थानों/चौकियों की संख्या बढ़ाए, साथ ही देश के सभी थानों/चौकियों में महिला पुलिस कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए। ज्यादा जनसंख्या वाले गांव एवं कस्बों के अंदर पुलिस गश्त नियमित तौर पर होनी चाहिए। पंचायतों की मीटिंग तथा आम सभाओं में महिला पुलिस अधिकारियों की भागीदारी को भी सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए ताकि महिला पुलिस अफसर ग्राम सभाओं की मीटिंग में आने वाली महिलाओं से वार्तालाप कर सकें और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो। महिला शिक्षक कर्मचारियों को भी महिला अधिकारों की जागरूकता बढ़ाने हेतु इस काम में नियोजित किया जा सकता है। नारी अपराधों के दोषियों को कठोर से कठोरतम दंड (फांसी तक) तत्काल दिए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए।

संपूर्ण भारतवर्ष के स्कूलों के पाठ्यक्रम में बदलाव लाकर बच्चों को संस्कार आधारित संस्कृतिनिष्ठ शिक्षा-दीक्षा देकर सुसंस्कृत परिमार्जित किया जाना चाहिए ताकि यही बच्चे युवा बनकर मर्यादित, संयमित, व्यसनमुक्त, सुविचार/दुर्भावना मुक्त एवं पारिवारिक व सामाजिक मूल्यों पर आधारित नैतिकता से परिपूर्ण जीवन जीएं और स्वस्थ तथा सुंदर भारतीय समाज के सपने को साकार करें। सरकारी स्तर से बढक़र पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर सभी संस्थाओं के सक्रिय सहयोग से ही महिला उत्थान व महिला सम्मान को सुनिश्चित बनाया जा सकता है। याद रखें केवल बातें कहने भर से नारी सम्मानित नहीं होगी, हमको नारी के जीवन का सदा अलंकरण करना होगा, तभी नारी से नारायणी की परिकल्पना साकार होगी।

**-अनुज आचार्य**
**स्वतंत्र लेखक**

# 'मोदी का परिवार' अभियान विपक्षी दलों के लिये भारी

बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास परिवार ही नहीं है। वो हिंदू नहीं हैं। हिंदू अपनी मां के श्राद्ध में दाढ़ी-बाल बनवाता है। मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया? इस तरह के बेतुके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच %परिवारवाद' के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप 'चौकीदार चोर है' का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है, जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी चुनावी रणनीति से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी एवं भाजपा का चुनावी अभियान तीक्ष्ण, उग्र एवं नियोजित होता जा रहा है, वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार ना होने को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। लगता है मोदी के परिवारवादी राजनीति के बयानों का विपक्ष के पास कोई प्रभावी जवाब नहीं है, तभी ऐसे बचकाने बयानों से दूषित राजनीति करने से विपक्षी दल स्वयं को बचा नहीं पा रहे हैं, दूसरी ओर मोदी ने ऐसे राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं एवं दलों के अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मोदी निश्चित रूप से एक बड़े 140 करोड़ लोगों के परिवार से जुड़े हुए हैं। देश की जनता के सामने मोदी का जीवन खुली किताब जैसा है। देशवासी मोदी को भली-भांति जानते हैं, समझते हैं। उनकी पल-पल की खबर रखते हैं। देर रात तक अगर मोदी काम करते है तो देश से लाखों लोग उन्हें इतना काम नहीं करने एवं कुछ आराम करने की सलाह देते हैं, यह प्यार है मोदी परिवार का उनके प्रति। निश्चित ही मोदी ने एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। वे देशवासियों के लिये जीने का एक सपना लेकर चले थे। मोदी का कोई निजी सपना नहीं है, देश एवं देशवासियों के सपने ही उनके संकल्प हैं। इसलिए देश के 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार हैं, जिसमें युवा, बेटियां,



बुजुर्ग सभी हैं। जिनका कोई नहीं है, उनके मोदी हैं। मेरा भारत मेरा परिवार, इसी भावना का विस्तार लेकर वे सपनों को सच के साथ सिद्ध करने के लिए जी रहे हैं। पूरा देश मोदी का परिवार है।

भाजपा के बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखने का एक महा-अभियान शुरु कर दिया है, जो विपक्षी दलों के लिये भारी पड़ने वाला है। चुनाव के माहौल में विपक्षियों के बयान को भाजपा ऐसा मुद्दा बना लेती है, जिससे खुद विपक्षी नेता घिरते नजर आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में रफाल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने 'चौकीदार चोर है' कहा तो भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब 'मोदी का परिवार' मुहिम को भाजपा उसी तरह फोकस कर रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। भाजपा कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर खूब तंज कसा था। लोकसभा के आखिरी सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद क्या है, इसकी पूरी परिभाषा ही दे डाली थी। अब जब लालू यादव का मोदी को लेकर बयान आया तो भाजपा परिवारवाद पर और उग्र हुई है।

नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनकी व्यापक सोच, उनके विकासमूलक कार्यक्रमों, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति व उनकी कार्य-पद्धतियां पर विपक्षी दल एवं उनके नेताओं द्वारा कीचड़ उछालने की हदें पार हो रही हैं, उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग हो रहा हैं, चुनावी सभाओं एवं चर्चाओं में भाषा की मर्यादा बिखर रही है, लेकिन मोदी अपने उद्बोधन में भाषा की मर्यादा को कायम रखते हुए कड़वे सच एवं यथार्थ को भी शालीनता एवं सहजता से परोस रहे हैं। विपक्ष के बेतुके बयानों एवं आरोपों से चुनावी परिदृश्य पल-पल बदलते हुए भाजपा की जीत को सहज बना रहे हैं। देखा जाये तो प्रधानमंत्री ने समूचे देश को अपना परिवार कहकर विपक्ष के बुने जाल में फंसने की बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया कि ऐसे अशालीन एवं बचकाने बयानों से उन्हें हराया नहीं जा सकता। उनके इस कथन का कोई मतलब है तो यही कि विपक्ष जो कुछ कहने और सिद्ध करने की कोशिश कर रहा है, उसमें कोई दम नहीं। क्या अब भी विपक्ष मोदी को निशाना बनाने से परहेज करेगा, राहुल गांधी, लालू एवं विपक्ष अपनी ऐसी ही बेवकूफी से अपनी ही जड़ें खोद रहा है। क्योंकि मोदी को निशाना बनाने की राजनीति विपक्ष के लिये हमेशा नुकसानदायी रही है, मोदी अधिक चमके हैं, अधिक सशक्त बने हैं। इसका जवाब भी मोदी ने ही दिया कि भारतीय समाज नकारात्मकता को सहन कर लेता है, स्वीकार नहीं करता है।'


आज जैसे बुद्धिमानी एक वैल्यू है, वैसे ही बेवकूफी भी एक वैल्यू है और मूल्यहीनता के दौर में यह मूल्य काफी प्रचलित है। लेकिन आज के माहौल में इस वैल्यू को फायदेमंद मानना राजनीति की एक अपरिपक्वता एवं नासमझी ही कही जायेगी। कांग्रेसी नेताओं एवं अन्य दलों के नेताओं की फिसली जुबान से भाजपा को संजीवनी ही मिल रही है।


मोदी का जहां तक संबंध है, विपक्ष के आरोपों को उन्होंने हमेशा बहुत गंभीरता से लिया है, उनके आहत मन को उनकी चुटकियों और उक्तियों में समझा जा सकता है। अपशब्दों और आरोपों से वह आहत हैं और उन्होंने यह भी छिपाया नहीं। उन्होंने अपनी ओर से भी शालीनता से सुनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। विपक्ष परिवार एवं परिवारवादी राजनीति के शोर के साथ विरोध में जुट रहा है, मोदी देश की असंख्य जनता के दिलों में जगह बनाने में कामयाब हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'ये लोग तो अपने और अपने लोगों के लिए जी रहे हैं, लेकिन मोदी देश के 25 करोड़ परिवारों का सदस्य है। मेरे लिए 25 करोड़ परिवार ही सुरक्षा कवच हैं, जिसे आप इन शस्त्रों से कभी भेद नहीं सकते।' यह एक तरह से विपक्ष की ओर इशारा भी है कि हमले की उसकी तैयारी मुकम्मल नहीं है, निस्तेज एवं आधारहीन आरोपों की विपक्षी संस्कृति उसके लिये ही नुकसान का कारण बनती रही है। प्रधानमंत्री के जवाब ने बता दिया कि मजबूत सत्ता पक्ष के सामने बिखरे हुए विपक्ष की मंजिल अभी दूर है।


**-ललित गर्ग**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं )**


# राशिफल


फाल्गुन कृष्ण पक्ष : त्रयोदशी | ( विक्रम संवत् 2080 )



**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
अनाब-सनाब खर्चे होंगे, लेकिन व्यावसायिक सफलता भी मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।



**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान बहुत अच्छा है।



**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बहुत बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है। प्रेम, संतान अच्छा है।



**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
प्रेम विवाह के प्रबल योग बन रहे हैं। नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। स्वास्थ्य में सुधार।



**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। बुजुर्गों का आर्शावाद मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा।


**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
मन भावुक बना रहेगा। क्रोध पर काबू रखें। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।


**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
व्यावसायिक स्थिति बहुत सुदृढ़ है। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान बहुत अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।


**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
समाज में सराहे जाएंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। रौब और रुआब आप के अंदर देखा जा रहा है।


**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान बहुत अच्छा। व्यापार भी बहुत अच्छा है।


**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
आर्थिक मामले सुलझेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।


**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान ठीक-ठाक।


**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
नसों की समस्या या त्वचा की समस्या हो सकती है, ध्यान रखिएगा। हरी वस्तु का दान करें।

# डीएम ने की बैठक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

जिलाधिकारी मनीष वर्मा की अध्यक्षता में कल सभी सोसाइटियों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव की योजना और कार्रवाई के संदर्भ में था। सभी को सहयोग और कुशलता के साथ चुनाव की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उत्साहित किया गया।

बैठक में सेक्टर-15 स्थित जेपी अमन सोसायटी के एओए के अध्यक्ष योगेश सिंह भी मौजूद रहे।



*गत दिवस ग्रेटर नोएडा आगमन पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का स्वागत करते सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव चौ. हसरुद्दीन खान राजपूत एवं अन्य कार्यकर्ता।*

# शहदरा में प्राधिकरण के खिलाफ धरने पर डटे हैं किसान

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) संगठन के बैनर तले गांव शाहदरा सेक्टर-142 में अनिश्चितकालीन धरना आज 22वें दिन भी जारी है। धरने में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने कहा कि जब तक चाप नहीं मिल जाता तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी कीमत बर्दास्त नहीं किया जायेगा। धरने में उधम भाटी, काम वीर भाटी, योगेश वैष्णव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## लोहे के जैक चुराते पकड़ा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के हल्द्वानी मोड़ के पास शटरिंग से लोहे के जैक चोरी कर रहे एक चोर को लोगों ने मौके पर ही दबोच लिया। चोर की पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। सूरजपुर के जुनपत में रहने वाले कामता प्रसाद ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह शटरिंग लगाने का काम करता है। हल्द्वानी मोड़ पर भारत मोटर के पास उसने एक निर्माणाधीन इमारत में शटरिंग लगाई हुई थी। वह अपनी शटरिंग को देखने पहुंचा तो उसे एक व्यक्ति शटरिंग में लगे लोहे के जैक चोरी करता हुआ दिखाई दिया। उसने शोर मचाकर आस-पड़ोस के लोगों की मदद से चोर को मौके पर दबोच लिया। मौके पर इकट्ठा लोगों ने चोर की पिटाई की इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम शराफत पुत्र मोहम्मद बताया। आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी देव कुमार के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देता है। उसने पूर्व में भी शटरिंग से लोहे के जैक चोरी किए थे।

## सड़क हादसों में दो की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-1 क्षेत्र के चिल्ला बॉर्डर के पास तेज रफ्तार में आ रही स्विफ्ट कार में टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया वहीं थाना बादलपुर क्षेत्र में भी सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि बीती शाम पुलिस को सूचना मिली कि चिल्ला बॉर्डर के पास तेज रफ्तार में आ रही एक स्विफ्ट कार ने टेंपो में टक्कर मार दी है। इस हादसे में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल टेंपो चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान टेंपो चालक ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान प्रवीण पुत्र धर्मदत्त 40 वर्ष निवासी बागपत के रूप में हुई। हादसे के बाद स्विफ्ट कार चालक मौके से फरार हो गया है। वहीं थाना बादलपुर क्षेत्र में सड़क हादसे में दिलीप पासवान 50 वर्ष की मौत हो गई मृतक मूल रूप से बिहार का रहने वाला था।





**आज महा शिवरात्रि के पर्व पर सेक्टर-151 स्थित जेपी अमन सोसइटी में भगवान शंकर को जलाभिषेक करते श्रद्धालु एवं प्रसाद वितरण करते एओए के अध्यक्ष योगेश सिंह।**

# 5 लाख मतों से होगी डा. महेश शर्मा की जीत : विकास जैन

### उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने सांसद को दी बधाई



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारियों ने सेक्टर-27 में सांसद डॉ महेश शर्मा को भारतीय जनता पार्टी से लगातार चौथी बार टिकट मिलने पर शुभकामनाएं और बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि इस बार मोदी सरकार लगभग 425 सीटों के साथ विजयी होगी और नोएडा में नया इतिहास रचते हुए डा. महेश शर्मा 5 लाख वोटों से विजयी होंगे।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की टीम घर-घर जाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करेगी तथा डॉ. महेश शर्मा द्वारा करवाए गए पिछले वर्षों में कार्यों का लोगों को ब्यौरा देगी। प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने कहा कि गौतमबुद्धनगर के सभी बाज़ारों में अलग-अलग कमेटी बनायी जाएगी जो हर मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करेगी और अधिक से अधिक मतदान करवाएगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ सिंघल ने कहा कि आने वाले पाँच वर्षों में नोएडा में विकास की झड़ी लग जाएगी। जिला अध्यक्ष लघु अग्रवाल ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट डॉ. महेश शर्मा की देन हैं। प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा आगामी चुनावों में एक प्रचार कार्यालय का भी निर्माण करवाया जाएगा। जहाँ पर प्रतिदिन चुनाव को लेकर बैठक की जाएगी।

# कैंसर के प्रति महिलाओं को किया जागरूक




**नोएडा (चेतना मंच)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर, सोच फाउंडेशन ने दिल्लीमेट्रोपॉलिटन एजुकेशनल कॉलेज के एनएसएस सेल, महिला सशक्तिकरण सेल, और इक्वल ऑपर्च्यूनिटी सेल, नोएडा के साथ मिलकर एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका उद्देश्य था भारतीय महिलाओं के बीच सर्वाधिक कैंसर मौत के कारण, सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

सोच फाउंडेशन और वन्दना गुप्ता ने लोकसभा सांसद डॉ. महेश शर्मा का इस क्षेत्र में फाउंडेशन के सभी प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल कृष्ण अग्रवाल उपस्थित रहे।

इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की सोशल मीडिया हेड, उत्तर प्रदेश सुचित्रा कक्कर, दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव वैशाली पोद्दार, नोएडा रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन सौरभ सिंह, एपोलो हॉस्पिटल के ऑन्कोलॉजी विभाग के सलाहकार डॉ. कुमार ऋषिकेश, डीवीएम स्कूल्स ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. शशि पांडेय और सोच फाउंडेशन की ट्रस्टी वंदना गुप्ता शामिल थीं।

सम्पूर्ण कार्यक्रम को लेखक, कवि, प्रकाशित लेखक और बीजेपीवाईएम नोएडा मीडिया इनचार्ज मिस्टर अर्पित मिश्रा और अन्य अभिवादनी व्यक्तियों द्वारा उत्कृष्ट रूप से प्रबंधित किया गया था।

# कुत्तों की नसबंदी के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने एचसीएल से मिलाया हाथ

**नसबंदी के बाद पहचान के लिए कुत्ते के गले में पट्टा पहनाया जाएगा**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में लावारिस कुत्तों की बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने और निवासियों की परेशानी को दूर करने के लिए प्राधिकरण ने एचसीएल फाउंडेशन से हाथ मिलाया। अब एचसीएल फाउंडेशन ही ग्रेटर नोएडा में कुत्तों की नसबंदी करेगा। बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एचसीएल फाउंडेशन के साथ एमओयू साइन किया है। ग्रेटर नोएडावासियों को लावारिस कुत्तों से होने वाली परेशानी की शिकायत आए दिन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तक आती रहती है। इस समस्या को हल करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर एचसीएल फाउंडेशन आगे आया है। एचसीएल फाउंडेशन कार्पोरेट सोषल रेस्पोंसबिलिटी के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा के लावारिस कुत्तों की नसबंदी कराएगा। बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ मेधा रूपम और एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस की मौजूदगी में इसका एमओयू हस्ताक्षर किए गए। इस अभियान के पहले चरण में एचसीएल फाउंडेशन ने सेक्टर स्वर्णनगरी, सेक्टर 36, 37, सिग्मा वन, टू, थ्री, फोर, ओमीक्रॉन वन, सेक्टर म्यू वन, पाई वन व टू में 600 कुत्तों को नसबंदी के लिए चिंहित किया है।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**निविदा सूचना संख्या:**-वि0/ग0श0य0/प्रयागराज/ई टेंडर सूचना/2024/35 **दिनांक:**04.03.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर / गति शक्ति यूनिट / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक-03.04.2024 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या:**GSU-EL-WC- 44-2024 | **काम की लागत(₹ मे):** ₹13763308.37 |

**कार्य का नाम:** "फफूंद" के संबंध में विद्युत कार्य - प्रयागराज मंडल में फफूंद स्टेशन पर गुड्स शेड का प्रावधान।

**बिड सिक्योरिटी (₹ मे):** ₹218800.00, **कार्य समाप्त करने की समयावधि:** 12 Months, **निविदा खुलने की तिथि 03.04.2024, समय -15:00 बजे। नोट:- 1. उपरोक्त ई-टेंडर के साथ** पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **388/24(DG)**

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in


## गैंगस्टर में वांछित दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-1 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे शातिर बदमाश को तमंचे सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपों पर 15 हजार रूपए का इनाम भी घोषित है। थाना प्रभारी अनुज पवार ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर मनीष पुत्र देवी राम निवासी ग्राम बरसात को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से एक तमंचा का कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़ा गया मनीष गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था। आरोपी के खिलाफ थाना दादरी में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पूर्व में पंजीकृत हुआ था। लगातार फरार चलने के कारण उस पर 15000 का इनाम घोषित था। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओ.टी./05/2024 दि. 06.03.2024**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :- **क्रम सं. :** 01. **कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल के रामनगर स्टेशन की सर्विस बिल्डिंग का आगमेन्टेशन व 600 मीटर लम्बी केमटेक डिजाईन वाशिंग पिट का प्रावधान से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **विवरण : अनुमानित लागत रु. में:** 51,21,141.42 **धरोहर राशि रु. में:** 1,02,500.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:** शून्य **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय:** 01.04.2024 11.00 बजे तक **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** चार माह **क्रम सं. :** 02. **कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में कलट्टरबकगंज में 600 मीटर नयी स्टेबलाइजिंग लाईन का प्रावधान, एक्सटेनशन ऑफ एग्जिस्टिंग स्टेबल लाईन एण्ड वाशिंग लाईन अप टू 600 मीटर एण्ड मेकिंग शन्टिंग नेक एट सी.बी.जे एण्ड एंव काशीपुर में लाईन नं.6 का नॉन रनिंग लाईन से रनिंग लाईन में बदलाव व हल्दी रोड में लाईन न.4 एवं विभिन्न सी. एण्ड डब्लू डिपों (टनकपुर, काठगोदाम, लॉलकुऑ, रामनगर, कासगंज कोचिंग डिपों) में रोलिंग इन लाईट का प्रावधान से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **विवरण: अनुमानित लागत रु. में:** 45,39,957.56 **धरोहर राशि रु. में:** 90,800.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:** शून्य **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय:** 01.04.2024 11.00 बजे तक **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** चार माह • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/
मुजाधि/विद्युत-298 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## पृष्ठ एक के शेष....

**यंग क्रिएटर्स...**

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी को बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज कैटेगरी में सम्मानित किया गया है। वहीं, लोकगायिका मैथिली ठाकुर को कल्चरल एंबेसेडर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा मृणाल डबास को जैविक खेती के लिए सम्मानित किया गया है. यूट्यूबर कामिया जानी को भी सम्मानित किया गया है।

पहले 'नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप वो लोग हैं जिन्होंने अपने लिए जगह बनाई है और यही कारण है कि आप भारत मंडपम में हैं। यही वह जगह है जहां जी20 का आयोजन किया गया था और विश्व का भविष्य कैसे निर्मित हो, इसके लिए चर्चा की गई। आज भारत का भविष्य कैसे निर्मित हो, इस पर चर्चा करने के लिए आप सभी यहां एकत्र हुए हैं। जब समय बदलता है, जब एक नया युग शुरू होता है, तो किसी भी देश की जिम्मेदारी बन जाती है कि वह उसके अनुरूप ढले। वहीं आज, भारत मंडपम में, भारत उसी जिम्मेदारी को निभा रहा है।

**9 माह में पूरा...**

(सीविल) विजय रावल ने बताया कि डीएससी रोड पर बन रहा भंगेल एलिवेटड का 70 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। प्रत्येक 15-15 दिन में इसका रेव्यू किया जाएगा। इसी तरह सेक्टर-96 में प्रशासनिक भवन का भी 70 प्रतिशत काम हो चुका है। ये दोनों परियोजनाओं का लोकार्पण दिसंबर 2024 में किया जाएगा। सेक्टर-123 में प्रस्तावित स्पोटर्स कांपलेक्स का काम प्रजेंटेशन हो चुका है। नोएडा में उद्योग मार्ग को मॉडल रोड में विकसित किया जाएगा। ये नोएडा की सबसे बेस्ट रोड होगी।

इसका काम 50 करोड़ में किया जाएगा। केबिलिंग अंडरग्राउंड होंगी। 2024-25 तक इसे पूरा किया जाएगा। सेक्टर-18 से 61 तक बनी एलिवेटड रोड के दोनों ओर 2.5 किमी के पैच में नोइज बैरियर लगाया जाएगा। इनकी ऊंचाई करीब 2-2 मीटर की होगी। इसे 20 करो ? में पूरा किया जाएगा। गोल्फ कोर्स व हेलीपोर्ट के लिए 80 प्रतिशत जमीन मिल चुकी है। 5 से 10 प्रतिशत जमीन हेलीपोर्ट की है उसे ले लिया जाएगा। गोल्फ कोर्स का काम 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं एलजी चौक से एक्सप्रेस वे तक लिंक लाइन का काम भी 2025 तक किया जाएगा। यहां एप्रोच रोड का काम शुरू हो गया है। एक्सप्रेस वे पर दो नए अंडरपास का निर्माण होना है। इसमें पहला चैनेज 16.9 किमी पर 131 करोड़ का है। दूसरा चैनेज 6.1 किमी का है। इसके निर्माण में 106 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसे डाया फार वॉल तकनीक से बनाया जाएगा। इसे 2025 तक पूरा किया जाएगा। चिल्ला एलिवेटड के लिए रि टेंडर किए गए है।

**2025 तक पूरा हो जाएगा सेफ सिटी प्रोजेक्ट**

विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत 561 स्थान चिन्हित किए गए है। 2500 कैमरे लगाए जाएंगे। ये सभी स्थान महिला सुरक्षा को देखते हुए बनाए गए है। 212 करोड़ का प्रोजेक्ट है। ई टेंडर प्रक्रिया दो से तीन दिन में हो जाएगी। इसकी कंट्रोलिंग कमांड कंट्रोल रूम से की जाएगी। इसके अलावा नोएडा के सभी अंडरपास में फसाड लाइट लगाई जाएंगी। वहीं घने पेड़ होने की वजह से सेक्टरों में 4 और 6 मीटर के स्ट्रीट लाइट पोल लगाए जा रहे है। नए सेक्टरों में पहले फेज में पांच नए सब स्टेशन बनाए जाएंगे।

**घर में घुसकर...**

लेकिन वह फरार होने में सफल हो गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

**गुलेल गैंग ने...**

उन्होंने अपनी कार हाइड पार्क के बाहर खड़ी की थी और वह किसी से मिलने चले गए। कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो उन्हें कार का शीशा टूटा हुआ मिला। कार में रखे दो लैपटॉप बैग गायब थे। उन्होंने इसकी शिकायत तुरंत पुलिस से की। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि नोएडा ग्रेटर नोएडा में इन दिनों गुलेल गैंस सक्रिय है।

**लिव इन में...**

के साथ रह रही थी। महिला की आत्महत्या की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार नोएडा के सेक्टर 58 थाना क्षेत्र के नवादा गांव में बृहस्पतिवार को एक 32 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतका थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के नवादा गांव में 'लिव इन पार्टनर' और दो बच्चों के साथ रह रही थी। पुलिस के अनुसार महिला और उसके लिव इन पार्टनर का झगड़ा हुआ था। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मृतक पुष्पा नवादा गांव में अपने तीन बच्चों और 'लिव इन पार्टनर' अर्जुन के साथ रह रही थी। उसके लिव इन पार्टनर के भी दो बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को पुष्पा ने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**'बुढ़िया तू और बुड्ढा...**

की व्यवस्था कराई। टिकट बुकिंग के दौरान उन्हें वर्षा के पासपोर्ट से पता चला कि उसकी उम्र विवाह के समय 27 साल थी। जबकि उनका पुत्र केवल 21 वर्ष का था। हनीमून से वापस इंडिया आने पर उनके बेटे के व्यवहार में खास परिवर्तन आ गया और वह चुपचाप रहने लगा। मालती कसाना के मुताबिक हनीमून से वापस आने के बाद उनकी बहू का व्यवहार अचानक उनके प्रति बदल गया वह अक्सर उनके कपड़ों को कैंची से काट देती थी और उनके कमरे की कुंडी बाहर से लगाकर अपने कमरे में सो जाती थी। वर्षा ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान करना शुरू कर दिया। उन्होंने जब इस व्यवहार के बारे में अपनी बहू से बात की तो उसने परिवार से अलग होने की डिमांड रख दी। इस बारे में जब उन्होंने अपने बेटे से बात की तो वह उनके सामने फूट-फूट कर रोने लगा और बताया कि उसकी पत्नी ने हनीमून के दौरान शराब का सेवन किया और नशे की हालत में उसके साथ बदतमीजी में गाली गलौज की। जिस कारण वह मानसिक रूप से परेशान हैं।

मालती कसाना के मुताबिक इस दौरान उन्होंने पता चला कि उनकी बहू शराब के साथ-साथ सिगरेट का भी सेवन करती है। इस संबंध में विवाह से पहले परिजनों ने उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी उन्होंने जब इस संबंध में अपनी बहू के परिजनों से बात की तो उन्होंने उन्हें झूठे केस में फंसने की धमकी दी। इस पर उन्होंने अपनी बहू के परिजनों को बुलाकर उसकी तमाम करतूत की जानकारी दी। परिजनों के जाने के बाद वर्षा ने रात में शराब पीकर नशे में होने की एक्टिंग करते हुए उन्हें तथा परिवार को जमकर गालियां दी और उनके बेटे के साथ मारपीट का प्रयास किया। इस दौरान बहू ने कहा की 'बुढ़िया तू और बुड्ढा मेरे लिए दारू व सिगरेट लाओगे।' घर का बंटवारा कर उन्हें अलग न करने पर बहू ने घर को नर्क बनाने की धमकी दे दी।

मालती कसाना के मुताबिक उनकी बहू व उसके परिवार वाले उन्हें दहेज के मामले में फंसाने की धमकियां देने लगे। आए दिन उनके साथ गाली-गलौज की जाने लगी। सोची-समझी साजिश के तहत उनकी बहू सभी आभूषण लेकर अपने मायके चली गई और उनके खिलाफ दहेज का झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया। मुकदमा खत्म कर समझौता करने के नाम पर उनसे एक करोड रुपए की मांग की गई। पीड़िता के मुताबिक 15 जुलाई 2023 की रात्रि को वह अपने वकील से मिलकर मुकदमे में जमानत की बातचीत करके आ रही थी। इस दौरान रेलवे रोड दादरी पर उनकी बहू मां बहन आदि ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ मारपीट की मारपीट कर घायल करने के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने धमकी देते हो फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि उन्हें अब भी बहु और उसके परिजन द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता की शिकायत पर थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया।

**गली-गली घूमकर...**

जिला महामंत्री उमेश त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। इसीलिये भाजपा पूरे देश में सभी के सुझाव ले रही है जिसको अपने घोषणा पत्र में भी शमिल किया जाएगा। मोदी की गारंटी अभियान के माध्यम से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु नागरिकों से सुझाव एकत्रित किए जा रहे है। यह अभियान 15 मार्च तक चलेगा। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के सुझाव लेकर राष्ट्रीय कार्यालय भेजे जाएंगे जिनको घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा। वीडियो वेन के माध्यम से भी सभी मण्डलों में सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया जायेगा।

इस मौके पर महामंत्री गणेश जाटव, जिला मंत्री चमोली, मण्डल अध्यक्ष गोपाल गौड़, सुनील नागर, अर्पित गोयल, विनोद पारिक, संजय बैसला, परविन्दर, मंजू शर्मा, पूजा भट एवं कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

**एमबीबीएस में बेटे...**

वाले दानिश ने बताया कि उसने जुलाई 2023 में एमबीबीएस एमडी के दाखिले के लिए नीट की परीक्षा पास की थी। परीक्षा पास करने के बाद एडमिशन के लिए उसके मोबाइल पर 20 जुलाई को मेडिटेक कंसल्टेंसी के काउंसलर निखिल निरंजन और बिष्ट नामक व्यक्ति का फोन आया। दोनों व्यक्तियों ने उसे बताया कि वह महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी में उसका एडमिशन रेस्पिरेटरी की सीट पर करवा सकते हैं। इसके बाद दोनों 22 जुलाई को उसके घर आए और बताया कि उनकी यूनिवर्सिटी में अच्छी पहुंचे और सेटिंग है। जिसकी वजह से उसका एडमिशन रेस्पिरेटरी की सीट पर निश्चित रूप से हो जाएगा। यूनिवर्सिटी में सेटिंग की वजह से अब तक वह सैकड़ो स्टूडेंट का एडमिशन करा चुके हैं। निखिल निरंजन और बिष्ट ने एडमिशन हॉस्टल और अन्य खर्चों की एवज में 84 लाख रुपए की मांग की।

दानिश के मुताबिक निखिल निरंजन और विष्ट के झांसे में जाकर उसके पिता ने उसका एडमिशन कराने के लिए अपना घर बेच दिया। घर बेचने के बाद उसके पिता ने कंसिस्टेंसी के अकाउंट में 21 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। पैसा लेने के बावजूद जब एडमिशन नहीं हुआ तो उसने जांच पड़ताल की। जांच के दौरान पता चला कि यूनिवर्सिटी में उसका एडमिशन का फॉर्म तक नहीं भरा गया है। इसके बाद उसने निखिल निरंजन और विष्ट से अपने पैसे वापस मांगे। काफी दबाव देने पर उन्होंने 9 लाख रूपये वापस कर दिए। जबकि बची हुई रकम को जल्द देने का वादा किया। उसके बाद उसने जब भी आरोपियों से पैसे मांगे तो वह उसे टरकाते रहे। आरोपियों ने बाद में उसका फोन तक भी उठाना बंद कर दिया। दानिश के मुताबिक दोनों आरोपियों ने उसे व्हाट्सएप कॉल कर उसकी तथा परिवार की हत्या करने की भी धमकी दी है।

पीड़त का कहना है कि आरोपी एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर एक बड़ा रैकेट चला रहे हैं और एडमिशन के नाम पर छात्रों के साथ लाखों रुपए की ठगी को अंजाम दे रहे हैं। दानिश ने दोनों आरोपियों व उनके सिंडिकेट में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है।

**वृद्ध विधवा...**

महिला अर्चना शर्मा ने बताया कि उसकी मुलाकात ग्राम डबरा तहसील दादरी निवासी मनीष कुमार भाटी से हुई। मनोज कुमार भाटी ने उसके समक्ष अपना प्लाट बेचने का प्रस्ताव रखा। प्लाट देखने के बाद दोनों के बीच उसे खरीदने पर सहमति बन गई। प्लॉट की एवज में उसने चेक के द्वारा 33 लाख रुपए का भुगतान मनीष कुमार भाटी को कर रजिस्टर एग्रीमेंट कर लिया। पैसे देने के बाद उसने जब प्लॉट की रजिस्ट्री करने की बात कही तो मनीष कुमार भाटी टालमटोल करने लगा। इसके बाद वह मनीष कुमार भाटी के घर पहुंची तो वहां मनीष कुमार भाटी उसके भाई हीरा भाटी तथा मोनू ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और रजिस्ट्री करने तथा पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। अर्चना के मुताबिक इसके बाद वह ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी पहुंची तो वहां से पता चला कि उक्त लोगों ने प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। पीड़िता ने थाना दादरी में तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व गाली-गलौज धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

**प्रसव के दौरान...**

उसकी पत्नी प्रीति 9 माह की गर्भवती थी। पर प्रसव पीड़ा होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। निजी अस्पताल में प्रीति की हालत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए जिम्स अस्पताल ले आए। उपचार के दौरान प्रीति की मौत हो गई। अस्पताल से जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

# विकास के बलबूते बनेगा विकसित राष्ट्र : डा.महेश शर्मा

## 7 सालों में जनपद गौतमबुद्धनगर में हुए 1 लाख करोड़ के विकास कार्य

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डा. महेश शर्मा ने जनपद में विकास के सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। नोएडा के सांसद डा. महेश शर्मा ने शहरी क्षेत्र के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास कार्य जनता की सुविधा के लिए किये हैं। नोएडा के सांसद डा. महेश शर्मा ने इनमें से कई कार्यों का आज कैलाश अस्पताल के पीछे सेक्टर-27 स्थित पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शिलान्यास व लोकार्पण किया।

सेक्टर-27 के पार्क में आयोजित शिलान्यास लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि विकास के रास्ते से होकर ही 2047 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा होगा। इसी के तहत गौतम बुद्धनगर में 11 करोड़ 24 लाख रुपए के 124 विकास कार्यों का आज शिलान्यास व लोकार्पण किया गया है। नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि पिछले 7 वर्षों के दौरान जनपद में एक लाख करोड रुपए के विकास कार्य कराए गए हैं।

उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि दोनों ही नेताओं ने उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर को कई विकास योजनाएं दी हैं। इनमें जेवर में बनने वाला एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट, 12 हजार करोड़ से बनने वाला बिजली घर, 1500 करोड़ की लागत से बनने वाली फिल्म सिटी, बोडाकी से परी चौक तक मेट्रो, नोएडा में एलिवेटिड रोड और म्यूजियम सहित



कई ऐसी विकास योजनाएं हैं जो गौतमबुद्धनगर को देश व प्रदेश में अग्रणी बनाती हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वह एक बार फिर प्रधानमंत्री को देश की कमान सौंपे जिससे देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सके।

उत्तर प्रदेश के नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा क्षेत्र से सांसद डा. महेश शर्मा ने वित्तीय वर्ष-2023-24 में सांसद निधि से नोएडा-दादरी व जेवर विधानसभा में अनेक विकास कार्य करवाये। कुछ विकास कार्य पूरे हो चुके हैं और कुछ पर तेजी से काम चल रहा है। इनमें नोएडा क्षेत्र के तिगड़ी कालोनी में 7 लाख, 50 हजार की अनुमानित लागत से इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य, 9.980 लाख से छिजारसी कालोनी में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण के साथ ही चोटपुर कालोनी, बहलोलपुर कालोनी, युसुफ्पुर चकशाहबेरी, बरौला, हिंडन विहार, तिगड़ी संत देव कालोनी, खाटू श्याम गली चोटपुर कालोनी, सलारपुर खादर, 25 फुटा रोड बुद्ध विहार व सलारपुर में शिव नगर कालोनी सहित अन्य स्थानों पर 1 करोड़ 37 लाख की अनुमानित लागत से इंटरलॉकिंग व नाली का कार्य किया जाएगा। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के सांसद डा. महेश शर्मा ने लोकसभा क्षेत्र के दादरी विधानसभा क्षेत्र में भी विकास कार्य की झड़ी लगाई है। दादरी विधानसभा क्षेत्र में नोएडा के सांसद डा. महेश शर्मा ने कचैड़ा वारसाबाद, जनकल्याण समिति कुलेसरा, चरनी विहार, छपरौला, चिपियाना बुजुर्ग, दादरी के खंडेरा, सलारपुर कलां, ग्राम दादूपुर, दादरी के सादुल्लापुर रोड, बेगमपुर उर्फनई बस्ती, भनौता रोजा याकूबपुर, खैरपुर, छपरौला, शंकर विहार फेस-2 व रूपवास में अनुमानित 141.070लाख के विकास कार्य कराये गये हैं।

सांसद डा0 महेश शर्मा ने सांसद निधि से ग्रेटर नोएडा के पास स्थित जेवर विधानसभा में भी विकास कार्य जनता को समर्पित किए जेवर विधानसभा में सांसद निधि से 135.670 लाख रू0 से विकास कार्य कराए गए। सांसद ने लोकसभा क्षेत्र में लगभग 11 करोड, 24 लाख रू0 के 124 विकास कार्यों का आज शिलान्यास व लोकार्पण किया।

# 1976-97 तक अधिग्रहण के किसानों को बचे आवासीय भूखंड दिये जाएं : सांसद



## किसान संघर्ष समिति ने सीईओ को सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान संघर्ष समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डा. लोकेश एम से मुलाकात की तथा उन्हें 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सीईओ ने सभी मांगों पर समुचित विचार करने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों की आबादी जहां है जैसी है आधार पर छोड़ी जाए। वर्ष-1997 से लेकर आज तक सभी किसानों को 10 फीसदी आवासीय भूखंड तथा 64.7 फीसदी मुआवजा दिया जाए। सभी गांवों का विकास शहर की तर्ज पर किया जाए। गांवों में किसानों के बच्चों को वाणिज्यिक उपयोग के लिए जमीन छोड़ी जाए। 1996-1997 तक के आवासीय स्कीम में बचे भूखंड शीघ्र आवंटित किए जाएं।

इस मौके पर दलबीर यादव, महेश अवाना, मनोज चौहान, लीले प्रधान, डीपी चौहान, नरेश प्रधान आदि मौजूद थे।

# 'मोबाइल में नहीं आ रहा नेटवर्क, कहीं टॉवर से रेडियो रिसीवर यूनिट तो नहीं हुआ चोरी'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में मोबाइल फोन पर अक्सर नेटवर्क न आने की शिकायतें लोग करते हैं।



लेकिन इसमें मोबाइल सेवाएं देने वाली कंपनियों की कमी नहीं बल्कि एक ऐसे अंतर्राज्यीय गिरोह की कारस्तानी है जो नोएडा में लगे कंपनियों के मोबाइल टॉवरों से रिसीवर यूनिट बैटरी व अन्य सामान चोरी कर लेते हैं। इस गिरोह के निशाने पर सबसे ज्यादा जियो मोबाइल फोन के टॉवर्स होते हैं।

नोएडा के थाना सेक्टर-39 पुलिस ने रात व अलसुबह मोबाइल टॉवरों से रेडियो रिसीवर यूनिट व बैटरी तथा अन्य कीमती सामान चोरी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 8 रेडियो रिसीवर यूनिट, वॉयर कटर, प्लास, छोटे-बड़े पेचकश, हथौड़ा तथा एक फॉर्च्यूनर व स्विफ्ट कार बरामद हुई है। इन लग्जरी गाड़ियों में सवार होकर गिरोह के सदस्य दिन में मोबाइल टॉवर चिन्हित कर लेते थे और रात के समय इस गिरोह के दो-चार सदस्य मोबाइल टॉवर से कीमती उपकरण चोरी कर उन्हें दिल्ली में बेचते थे। यह गिरोह राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली-एनसीआर में कई जगह मोबाइल टॉवरों से कीमती सामान चोरी कर चुका है।

नोएडा पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के जिन सदस्यों को पकड़ा है। उनमें 1 मोबाइल कंपनी का टेक्नीशियन भी शामिल है। इस गिरोह में शामिल निवासी मेरठ, अन्नान निवासी दिल्ली, आदिल निवासी सरधना जिला मेरठ, इरफान अल्वी निवासी गाजियाबाद तथा कमल मौर्य निवासी नोएडा सेक्टर-39 शामिल हैं। इन सभी की उम्र 22 से 25 साल के बीच है। इस गिरोह ने अब तक कई मोबाइल टॉवरों से रेडियो रिसीवर यूनिट, बैटरी व अन्य कीमती सामान चोरी किया है।

# अधिकाधिक मतदान करने के प्रति जागरूक करें : डीएम

## डीएम आरडब्ल्यूए व सोसाइटी पदाधिकारियों संग की बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मतदान को लेकर जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आर.डब्ल्यू. ए/सोसाइटियों के पदाधिकारी के साथ बैठक हुई संपन्न। मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदान के संबंध में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में हाईराइज सोसाइटियों में बनाए गए मतदेय स्थलों के दृष्टिगत आर.डब्ल्यू.ए. एवं सोसाइटियों के पदाधिकारी के साथ बैठक की।



जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अपनी-अपनी सोसाइटियों में रहने वाले मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करें और उनको बताएं कि सभी मतदाता मतदान से पूर्व ही वोटर हेल्पलाइन एवं आयोग की वेबसाइट पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम एवं अपनी बूथ संख्या चेक कर लें, ताकि मतदान के दिन उनको मतदान करने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट गया है तो वह अभी भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि आप लोग भी बीएलओ के साथ समन्वय बनाते हुए मतदाता सूची का बहुत ही गहनता के साथ एक बार अध्ययन कर लें, ताकि मृतक/डुप्लीकेट/शिफ्टेड व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत न रहे।

दो स्थानों पर नाम होने की दशा में मतदाता द्वारा ऑनलाइन या बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 7 भरना अनिवार्य है एवं निवास परिवर्तन की दशा में फॉर्म 8 भरा जाये, ताकि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप शुद्ध मतदाता सूची तैयार की जा सके। साथ ही कहा कि आप भी अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक करें कि वोटर आईडी कार्ड को प्रिंट होने एवं उसे डाक से भेजने में कुछ समय लगता है, इसलिए मतदाता दोबारा से फॉर्म 6 न भरें, बल्कि वोटर हेल्पलाइन, मोबाइल ऐप VHA, https://voters.eci.gov.in, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल https://www.nvsp.in द्वारा अपना ई-ईपिक डाउनलोड कर सकते हैं।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर वेद प्रकाश पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर अनुज नेहरा, आर डब्ल्यू ए तथा सोसाइटियों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर बनें महिलाएं : वंदना त्रिपाठी

## एनईए ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कला केंद्र सेक्टर-6 में कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी उपस्थित रही।

वंदना त्रिपाठी ने सभी महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए तथा महिलाओं का समाज में महत्व भी बताया।

एसोसिएशन अध्यक्ष चौ. राजकुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण में कार्यरत महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद कैप्टन साहिल शर्मा की माताजी श्रीमती किरण देवी, शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा के परिवार से डॉ संगीता शर्मा, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बबीता नागर, नोएडा प्राधिकरण में नियुक्त नायब तहसीलदार दिव्या काकरान को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में महाप्रबंधक मीना भार्गव, सहायक महाप्रबंधक प्रिया सिंह, एसोसिएशन अध्यक्ष राजकुमार सिंह, महासचिव जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, वीरपाल, सचिव नीरज राणा, अमित कुमार, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नोएडा से सात समुंदर पार ठगी का बड़ा खेल

## कॉल सेंटर का भांडाफोड़, पोनोग्राफी कंटेंट व कम्प्यूटर हैक होने का दिखाते थे डर

नोएडा शहर में सक्रिय साइबर ठग सात समुदर पार रहने वाले विदेशी नागरिकों को ठगने का बड़ा रैकेट चला रहे हैं। विदेशी नागरिकों को पोनोग्राफिक कंटेंट व कम्प्यूटर हैक होने का डर दिखाकर नोएडा में सक्रिय साइबर ठग विदेशी नागरिकों का बैंक अकाउंट खाली कर रहे हैं। नोएडा में ऐसे ही कॉल सेंटर का नोएडा के थाना सेक्टर-39 पुलिस ने पर्दाफाश किया है। कॉल सेंटर से पुलिस ने 14 लोगो को गिरफ्तार किया है।



नोएडा की थाना सेक्टर-39 पुलिस व साइबर टीम ने सेक्टर-108 के ए-ब्लॉक में बीओआईपी कॉल, टीएफएन व सॉफ्ट के जरिए विदेशों में रहने वाले नागरिकों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने बताया कि हम लोग कंप्यूटर रिमोट डेस्क टॉप ऐप के माध्यम से मलमइमंड सॉफ्टवेयर से फोन करते है। अपने को विदेशी कंपनी का कर्मचारी बताते हुए विदेशी नागरिकों की समस्याओं का जल्द समाधान का भरोसा दिलाया जाता था। सिस्टम को एनी डेस्क सॉफ्टवेयर से कनेक्ट कर विदेशी नागरिकों के सिस्टम में आ रही असुविधाओं को हल करने के लिए उन्हें बोला जाता था। विदेशी नागरिकों को कंप्यूटर में तकनीकी कमी, पोनोग्राफी कंटेंट, एंटीवायरस न होने के कारण सिस्टम हैक होने का डर दिखाकर उसे ठीक करने के नाम पर गिफ्ट कार्ड, क्रिप्टो करंसी व वायर ट्रांसफर के माध्यम से पैसे मंगाए जाते थे। विदेशी नागरिकों को कंप्यूटर पर फर्जी लिंक भेजकर उनके सिस्टम को हैक भी कर लिया जाता था और उन्हें एक फर्जी हेल्पलाइन नंबर देते थे जिसके बाद उनसे ठगी की जाती थी। पुलिस ने फर्जी कॉलसेंटर से प्रिंस, राम राठौर, वैभव अरोड, तन्सुल सोलंकी, अंकित, कौशिक सेन, शिवम शर्मा, ध्रुव चौपडा, सारंस दुआ, नवजोत सिंह, विक्की, मो0 नादिर, वैभव गौड व सौरभ अवस्थी को गिरफ्तार किया है।




## बैन होगी ईवीएम.....सोशल मीडिया पर चल रहे फर्जी वीडियो

### –पीईबी ने किया साफ, ये सारे दावे गलत

नई दिल्ली। आम चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग जल्द ही लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इन तमाम चुनावी खबरों के बीच सोशल मीडिया पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन या ईवीएम को लेकर भी बड़े दावे हो रहे हैं। दावों में बताया जा रहा हैं देश में ईवीएम का इस्तेमाल बंद होने वाला है? इस रिपोर्ट में जानते हैं कि आखिर सच्चाई क्या है। दरअसल प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) की तरफ से हाल ही में वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर कुछ खास चैनलों का जिक्र किया गया है। जिसमें ईवीएम को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, पीईबी ने स्थिति साफ कर दी है। कुछ वीडियोज में दावा किया जा रहा है, देशभर में ईवीएम होगी बंद, आंदोलन से झुका चुनाव आयोग। एक अन्य वीडियो में कहा जा रहा है, सुप्रीम कोर्ट का आ रहा फैसला, बैलेट पेपर से ही होगा 2024 का चुनाव। पीईबी ने बताया है कि ये सभी दावे फर्जी हैं। चुनाव आयोग की तरफ से ईवीएम को बैन करने का फैसला नहीं लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट और बैलेट पेपर से जुड़ी खबर को भी फर्जी बताया गया है। पीईबी का कहना है कि एक फर्जी वीडियो चलाया जा रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने के निर्देश जारी किए हैं।

## अंकित सक्सेना हत्याकांड: तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली। दिल्ली में वर्ष 2018 में हुए अंकित सक्सेना हत्याकांड मामले में तीस हजारी कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मामले में आरोपी मोहम्मद सलीम, अकबर अली और उसकी पत्नी शहनाज बेगम को आजीवन कैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों दोषियों पर 50-50 हजार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि दोषियों की उम्र, आपराधिक रिकॉर्ड को देखकर मौत की सजा नहीं दी जा रही है। कोर्ट ने तीनों दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है और जुर्माने की रकम अंकित के परिवार को दी जाएगी। अंकित दो आरोपियों अकबर अली और शहनाज बेगम की बेटी के साथ रिश्ते में था, जो कथित तौर पर इस रिश्ते के विरोधी थे, क्योंकि दोनों अलग-अलग धर्मों से थे। तीसरा आरोपी महिला का चाचा था। दरअसल 1 फरवरी 2018 को 23 वर्षीय फोटोग्राफर अंकित को उसकी 20 वर्षीय प्रेमिका के परिवार ने रघुबीर नगर में खुलेआम मार डाला था। पुलिस ने कहा था कि अंकित को अली, बेगम, उनके नाबालिग बेटे और उनके रिश्तेदार मोहम्मद सलीम ने 10-15 मिनट तक पीटा था। पुलिस ने कहा कि जब आरोपी अंकित के साथ बहस कर रहे थे, अंकित के माता-पिता और दोस्त उसके बचाव में आए, पर आरोपियों ने उसकी मां के साथ मारपीट की। पुलिस ने उन माता-पिता के बयानों पर संज्ञान लिया जिन्होंने आरोप लगाया था कि उनके बेटे को उनके सामने मार दिया गया था। उन्होंने उसे ई-रिक्शा में लेकर अस्पताल पहुंचे लेक?न अंकित को मृत घोषित कर दिया गया। हत्या के तुरंत बाद महिला को नारी निकेतन भेजा गया क्योंकि महिला ने दावा किया था कि उसके परिवार वाले उसे भी मारने की कोशिश कर सकते हैं। इसके बाद में लड़की को उसकी मौसी के घर भेज दिया गया। उसके चाचा, माता-पिता और भाई को कुछ ही दिनों में पकड़ लिया गया था। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर की गवाही पर भरोसा करते हुए, अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सक्षम था कि मौत 'तेज धार' वाले हथियार से हुई थी।

## आप नेता का आरोप, बांसुरी स्वराज ने ललित मोदी को भागने में मदद की

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने नई दिल्ली संसदीय सीट पर अपनी प्रतिद्वंद्वी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीद्वार बांसुरी स्वराज पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि उन्होंने अदालतों में पूर्व इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्रमुख ललित मोदी का प्रतिनिधित्व कर उन्हें देश से भागने में मदद की। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आप नेता भारती पर पलटवार कर कहा कि वे हताश और हतोत्साहित उम्मीदवार हैं, जो सिर्फ चुनावी मुकाबले में दिखने की कोशिश कर रहे हैं। भारती ने दावा किया कि बांसुरी ललित मोदी की वकील थीं। ललित मोदी पर भारत में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपी हैं। बांसुरी स्वराज की उम्मीदवारी पर सवाल उठाते हुए आप नेता ने कहा कि यह बहुत चिंता की बात है कि भाजपा ने उस व्यक्ति को मैदान में उतारा है, जिसने भगौड़े आरोपी ललित मोदी की मदद की थी। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार से पांच सवाल पूछे कि क्या वह (बांसुरी स्वराज) ललित मोदी को एक ईमानदार व्यक्ति मानती हैं, क्या भाजपा ने उनसे उनकी मदद करने के लिए कहा था, क्या वह अभी भी उन्हें कानून के चंगुल से बाहर रहने में मदद कर रही हैं, और क्या ललित मोदी का बचाव करना देशद्रोह है। वहीं दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता कपूर ने कहा कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने बांसुरी की जीत सुनिश्चित करने का मन बना लिया है और हताश भारती निराधार आरोप लगा रहे हैं। कपूर ने कहा ''भारती एक स्त्री द्वेषी मानसिकता वाला व्यक्ति है, जिसके खिलाफ महिला उत्पीड़न के कई आरोप दर्ज हैं, अपनी पार्टी के एक पार्षद द्वारा एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न पर उनकी चुप्पी उनके महिला विरोधी चरित्र को दर्शाती है।

## अमृतसर में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के दो आंतकी गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने खुफिया अभियान के दौरान बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि मॉड्यूल का संचालन यूएसए स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियन द्वारा हो रहा था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा का करीबी सहयोगी था, साथ ही उसका सहयोगी शमशेर सिंह उर्फ शेरा वर्तमान में आर्मेनिया में था। पुलिस ने उनके पास से दो पिस्तौल, चार मैगजीन और 30 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। जांच के अनुसार हैप्पी, रिंडा और शमशेर के साथ मिलकर राज्य में युवाओं को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रेरित करके कट्टरपंथी बनाने का काम कर रहा था। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), अमृतसर में यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## उत्तर भारत में फिर पांव पसारने लगा कोरोना, चपेट में आए राजस्थान के मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। समूची दुनिया में कोहराम मचाने वाला कोरोना एक बार फिर सिर उठाने लगा है। दिल्ली,यूपी,बिहार और राजस्थान में इसका असर दिखाई देने लगा है। राजस्थान में खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसकी जद में आ गए हैं। दिल्ली में बुधवार को कोरोना के 63 नए मामले सामने आए हैं। बीते साल मई के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब दिल्ली में एक ही दिन में कोरोना के इतने केस मिले हैं। दिल्ली के अलावा राजस्थान, यूपी और बिहार में भी कोरोना के केसों में तेजी देखी जा रही है। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं भी बढ़ी हैं। बड़ी बात यह है कि इस बार उत्तर भारत में केसों में इजाफा हो रहा है, जबकि दक्षिण में केस कम हुए हैं। इससे पहले दक्षिण के केरल, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में ही केस ज्यादा पाए जा रहे थे। इससे पहले बीते साल मई में ही ऐसा हुआ था, जब कोरोना के केसों की संख्या 50 से अधिक थी। इस साल दिसंबर और जनवरी में भी कोरोना केसों में थोड़ा इजाफा हुआ था, लेकिन पहले के मुकाबले कम ही थे। पूरे देश में 30 दिसंबर को सबसे ज्यादा 841 कोरोना केस पाए गए थे। उस दौरान ज्यादातर केस केरल समेत दक्षिण भारत के राज्यों से ही आए थे। लेकिन अब दो महीने बाद उत्तर भारत में कोरोना सिर उठाता दिख रहा है। अब यूपी की बात करें तो पिछले 15 दिनों में 164 केस मिले हैं, लेकिन उससे पहले के दो सप्ताह में तो यह आंकड़ा 36 का ही था। इसी तरह बिहार में पिछले 15 दिनों में कोरोना केसों की संख्या 103 पाई गई है। दिल्ली में पिछले 15 दिनों में कोरोना के 459 केस पाए गए हैं। उससे पहले के 15 दिनों में यह आंकड़ा 191 का ही था। यही नहीं उससे भी पहले तो महज 91 मामले ही मिले थे। इस तरह मौसम के बदलाव के बीच कोरोना केसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। अब राजस्थान की बात करें तो राज्य में बीते 15 दिनों में 226 मामले मिले हैं। वहीं इससे पहले 96 केस ही पाए गए थे। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। यह आंकड़ा बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन इस बीच टेस्टिंग भी कम ही हो रही है। ऐसे में यदि टेस्टिंग में इजाफा हुआ तो फिर संकट बड़ा हो सकता है।

# मोदी के दोस्त बने कश्मीर के नाजिम, सेल्फी शेयर की



**श्रीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को कश्मीर दौरे पर पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने इसी दौरान सोशल मीडिया पर एक सेल्फी शेयर करते हुए लिखा दोस्त नाजिम, अब यह तस्वीर चर्चा का विषय बन गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर गुरुवार को पुलवामा निवासी नाजिम के साथ एक सेल्फी साझा की है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने लिखा है, कि दोस्त नाजिम के साथ मेरी एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे कार्यों से प्रभावित हुआ। उन्होंने मुलाकात के दौरान सेल्फी का अनुरोध किया। उनसे मिलकर प्रसन्नता हुई। उनके उज्जवल भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं हैं।

यहां पीएम मोदी ने सेल्फी पोस्ट की वहां सवाल उठे कि आखिर नाजिम हैं कौन जिन्हें पीएम इतनी ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। यहां बताते चलें कि पीएम मोदी के साथ सेल्फी में दिख रहे नाजिम कोई और नहीं बल्कि विकसित भारत कार्यक्रम के एक लाभार्थी हैं और उन्होंने विकसित भारत विकसित जम्मू-कश्मीर कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से वार्तालाप की है। नाजिम ने बातचीत के दौरान 2018 से शुरु की गई अपने शहद विक्रय की यात्रा का व्यौरा प्रस्तुत किया। नाजिम का कहना है कि जब वो 10वीं क्लास में पढ़ रहे थे तभी से उन्होंने मधुमक्खी पालन का कार्य शुरू किया। साल 2019 में नाजिम ने सरकार से सब्सिडी के साथ मधुमक्खियों के 25 बक्से हासिल किए थे। इसमें से नाजिम ने 75 किलो शहद निकाला और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में उसे बेचने का काम किया। इससे उसने 60,000 हजार रुपये की कमाई की। अब नाजिम का यह कारोबार बढ़कर 25 बक्सों से 200 बक्सों तक पहुंच गया है।

पीएम मोदी के दोस्त बने नाजिम ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की मदद उन्होंने ली है। इस योजना के तहत 5 लाख रुपये मिले और फिर नाजिम ने 2020 में वेबसाइट शुरू कर शहद विक्रय का कार्य शुरु कर दिया। नाजिम के शहद को ब्रांड के तौर पर एक अलग पहचान मिली है, जिस कारण साल 2023 में पांच हजार किलो का शहद वह बेच पाया है। अब नाजिम के साथ करीब सौ लोग काम कर रहे है।

### कश्मीर की मीठी क्रांति का नेतृत्व किया

नाजिम से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पूछा, कि जब छोटे थे, तब क्या बनना चाहते थे? इस पर नाजिम ने बताया कि उनके पैरेंट्स तो उन्हें डॉक्टर या इंजीनियर बनाना चाह रहे थे, लेकिन वह कुछ अलग करना चाहता था। इस पर पीएम मोदी ने कहा, कि आपके परिवार ने आपकी क्षमता को पहचाना और आप उनके अनुसार डॉक्टर बन सकते थे, लेकिन आपने उस रास्ते को नहीं चुना। आप ने ऐसा करके कश्मीर की मीठी क्रांति का नेतृत्व किया है। इसके लिए आपको बहुत-बहुत बधाई।

## मणिपुर में शांति बहाली के लिए बातचीत ही उपाय: रिजिजू

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए बातचीत ही एकमात्र साधन है और सामान्य स्थिति में वापस लाने के लिए मोदी सरकार हर संभव प्रयास कर रही। रिजिजू ने जातीय संघर्ष के लिए मणिपुर उच्च न्यायालय के उस आदेश को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें मैतेई लोगों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की सिफारिश की गई थी। हिंसा ने अशांत राज्य में कम से कम 219 लोगों की जान ले ली है। रिजिजू ने कहा कि मणिपुर में समस्या केंद्र के खिलाफ विद्रोह नहीं है, बल्कि दो प्रमुख समूहों, मैतेई और कुकी के बीच जातीय संघर्ष है। साथ ही उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल में ध्यान भारत को उच्च आय श्रेणी में लाने पर होगा ताकि इस दुनिया के विकसित देशों में गिना जा सके। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया के विकसित देशों में शुमार करने के लिए प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होगी और मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में देश को उच्च आय श्रेणी में लाने का प्रयास करेगी। रिजिजू ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर शौचालय, लोगों के लिए बैंक खाते, खाद्य सुरक्षा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने के लिए आलोचना की, जो अब मोदी सरकार द्वारा प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई मणिपुर में शांति बहाल करने में मदद करना चाहता है, तब पहले जाकर मेइतियों और कुकियों दोनों से अपील करें कि वे हथियार न उठाएं। सशस्त्र संघर्ष से कोई समाधान नहीं निकलेगा। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सलाह दी कि वे इसतरह के प्रयास करना बंद कर दें जो उनकी क्षमताओं से परे हैं, क्योंकि उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस उनकी राजनीतिक पारी को फिर से शुरू करने के हर प्रयास में विफल रही है। रिजिजू ने कहा कि अगर उन्हें भी गांधी परिवार की तरह असफलताओं का सामना करना पड़ा होता, तब उन्होंने ऐसा कुछ करने की कोशिश में अपनी पार्टी और सहयोगियों का कीमती समय बर्बाद नहीं किया होता जो करने योग्य नहीं था।

# असम के सीएम सरमा और बदरुद्दीन अजमल के बीच तनातनी, एक दूसरे को दे रहे चुनौती





**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) प्रमुख और लोकसभा सांसद बदरुद्दीन अजमल के बीच तनातनी चल रही है। एक दूसरे के खिलाफबयानबाजी के साथ ही एक दूसरे को चुनौती भी दे रहे हैं। सीएम सरमा ने कहा कि राज्य में जादुई उपचार नहीं चलेगा और एआईयूडीएफ चीफ बदरुद्दीन अजमल मानने को तैयार नहीं हैं वे लगातार नियमों को उल्लंघन कर रहे हैं ऐसे में उनकी गिरफ्तारी कभी भी हो सकती है।

सीएम के इस बयान पर अजमल भड़क गए उन्होंने भी कह दिया है कि रात दिन मियां मियां करना छोड़ दीजिए। जिस दिन मिया नहीं होगा उस दिन दो वक्त का खाना मिलना बंद हो जाएगा।

सांसद बदरुद्दीन अजमल ने कहा है कि 'मियां-मियां मत बोलो। मैं आपको चुनौती देता हूं, अगर मुसलमान नहीं होंगे तो आपको तीन दिन तक खाना नहीं मिलेगा, निर्माण कार्य रुक जाएंगे। आप मुसलमानों को 300 साल में भी बाहर नहीं कर पाओगे। बता दें कि इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उन पर निशाना साधा था। उन्होंने बदरुद्दीन अजमल को चेतावनी दी कि वे राज्य में जादुई उपचार न करें, अन्यथा उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। बुधवार (6 मार्च) को असम के लखीमपुर जिले में कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, 'बदरुद्दीन अजमल जादुई उपचार करते हैं, और उन्होंने अपनी सार्वजनिक बैठकों के दौरान भी अपनी चालें आजमाईं। लेकिन असम विधानसभा ने एक विधेयक पारित किया है राज्य में जादुई उपचार पर प्रतिबंध लगाया है। जो कोई भी ऐसा करेगा उसे सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा।' सीएम सरमा ने यह भी कहा कि बदरुद्दीन अजमल अपनी बात का पालन नहीं कर सकते हैं, लेकिन एआईयूडीएफनेता को विधानसभा द्वारा पारित असम हीलिंग (प्रिवेंशन ऑफ इविल प्रैक्टिसेज बिल, 2024) का पालन करना चाहिए। बता दें कि असम सरकार ने हाल ही में संपन्न विधानसभा के बजट सत्र में विधेयक पारित किया जो चिकित्सा के नाम पर जादुई उपचार को गैरकानूनी घोषित करेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति के लिए कठोर दंड का सुझाव देगा।

## मध्य प्रदेश में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए बसपा ने ठोकी ताल, त्रिकोणिय मुकाबले की बढ़ी संभावना



**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी बहुजन समाज पार्टी कर रही है। इसके लिए बसपा सुप्रीमो मायावती ने उम्मीदवारों की सूची मांगी है। यदि बसपा सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारती है तो कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है। इससे भाजपा और कांग्रेस के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो सकती है।


सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में पार्टी सुप्रीमो मायावती राज्य के पदाधिकारियों से चर्चा कर रही हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से मध्य प्रदेश की सभी सीटों पर उम्मीदवारों की लिस्ट मांगी है। इन उम्मीदवारों पर विचार विमर्श करने के बाद एक सप्ताह के अंदर ही बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर सकती है। मध्य प्रदेश में यूं तो लोकसभा के रण में बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला होता है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी की एंट्री से इन दोनों ही पार्टियों के वोट में कटौती होने का खतरा बढ़ गया है। बता दें की समाजवादी पार्टी भी मध्य प्रदेश में उम्मीदवार उतारने वाली है। कांग्रेस के साथ गठबंधन के दौरान सपा ने मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट से चुनाव लड़ने की पेशकश की थी, जिसे कांग्रेस ने मान लिया था। बहुजन समाज पार्टी ने हाल ही में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तेलंगाना में भी गठबंधन का ऐलान किया है। तेलंगानाम में मायावती की बीएसपी ने के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति के साथ गठबंधन किया है। ये दोनों दल तेलंगाना में मिलकर उम्मीदवार उतारेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश में भी बीएसपी सभी सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है।

## अब केजरीवाल के गले पड़ी एक नई मुसीबत, 16 मार्च को कोर्ट में होना पड़ेगा पेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के गले एक नई मुसीबत पड़ गई है। उन्हे 16 मार्च को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। दिल्ली के शराब घोटाला मामले मे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ की गई दूसरी शिकायत पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया है।दरअसल ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में समन का पालन नहीं करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध करते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट में नई शिकायत दर्ज कराई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नई शिकायत धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 50 के तहत संघीय जांच एजेंसी द्वारा आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को भेजे गए समन संख्या 4 से 8 का पालन नहीं करने से जुड़ी है। ईडी ने इससे पहले भी राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर कर सीएम केजरीवाल को जारी किए गए पहले तीन समन पर पेश नहीं होने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की थी। यहां गौर करने वाली बात यह है कि ईडी की पहली शिकायत पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को 16 मार्च को समन किया था। वहीं इस दूसरी शिकायत पर भी कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को उसी दिन पेशी के लिए बुलाया है। उधर सीएम केजरीवाल ने ईडी के इन सभी आठ समन्स को 'अवैध' बताया था और केंद्रीय एजेंसी को सूचित किया था कि उनसे 12 मार्च के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पूछताछ की जा सकती है।

## चिराग पासवान को इंडिया अलायंस से मिला बड़ा ऑफर



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में सीट शेयरिंग की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। ऐसे में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और जमुई से सांसद चिराग पासवान को इंडिया अलायंस की तरफ से बड़ा ऑफर मिला है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि चिराग को बिहार में आठ और पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में दो सीट का ऑफर इंडिया गठबंधन की तरफ से दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक चिराग पासवान को ऑफर की गई बिहार की आठ सीटों में वे सभी छह लोकसभा सीटें शामिल हैं, जिस पर 2019 के चुनावों में अविभाजित लोजपा ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा राज्य में दो अतिरिक्त सीट देने की भी बात कही गई है। इस तरह उन्हें कुल आठ सीटें देने का प्रस्ताव रखा गया है।

इंडिया गठबंधन की तरफ से दिया गया ऑफर चिराग पासवान के लिए बेहद लुभावना है क्योंकि भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए में उन्हें सिर्फ वही छह सीटें दी जा रही हैं, जो 2019 में पार्टी ने जीती थी। इनमें से पांच सीटें उनके चाचा पशुपति कुमार पारस के धड़े वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कब्जे में है, जिनसे उनका 36 का आंकड़ा है। इस तरह एनडीए की तरफ से चिराग को सिर्फ सीटिंग जमुई सीट ही मिल रही है, जबकि वह पिता रामविलास पासवान की परंपरिक सीट हाजीपुर समेत छह सीटों पर अपना दावा ठोक रहे हैं।चिराग पासवान खुद को मोदी का हनुमान कहते रहे हैं, जबकि 2020 के विधानसभा चुनावों से ही नीतीश कुमार के घोर विरोधी रहे हैं। अब इंडिया गठबंधन से नीतीश के निकलने के बाद उनके दुश्मन को दोस्त बनने का ऑफर दिया गया है। अगर चिराग ये ऑफर मान लेते हैं तो एनडीए को करीब 5 फीसदी वोट गंवाना पड़ सकता है। राज्य में पासवानों का करीब 5.5 फीसदी वोट है, जिसे चिराग पासवान के साथ माना जाता है। पीएम मोदी की हालिया दो सभाओं में चिराग पासवान शामिल नहीं हुए थे, जिससे उनके नाराज होने की चर्चा चल रही है।बता दें कि रामविलास पासवान के निधन के बाद 2021 में पार्टी विभाजित हो गई थी। उनके चाचा पशुपति कुमार पारस ने पांच सांसदों के साथ विद्रोह करते हुए पार्टी पर कब्जा कर लिया था। इस विद्रोह के कुछ दिनों बाद ही पारस को केंद्र सरकार में मंत्री बनाए जाने पर चिराग पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार पर हमला बोला था। हालाँकि, उन्होंने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने से परहेज किया था।

## कोई सख्त कार्रवाई नहीं, एफआईआर मामले में अधीर रंजन को कलकत्ता हाई कोर्ट से राहत



कलकत्ता। अधीर रंजन चौधरी ने हाईकोर्ट में बचाव पक्ष दाखिल किया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने अब अधीर के खिलाफ एफआईआर को सुरक्षा दे दी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मालदाहेर हरिश्चंद्रपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। उसी के आधार पर कोर्ट आज अपना फैसला सुनाएगी। फैसले में कहा गया है कि पुलिस उसके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर सकेगी। मालदा के हरिश्चंद्रपुर थाने की एफआईआर की अंतिम रिपोर्ट पुलिस हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं दे सकती। अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ पुलिस कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर सकती। इसके अलावा फैसले में कहा गया कि पुलिस 48 घंटे पहले सूचित करके वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और सांसदों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बात कर सकती है। इसके अलावा जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने इस मामले में पहले दिए गए धारा 41-ए के नोटिस को भी निलंबित करने का आदेश दिया है। राहुल गांधी के राज्य दौरे के दौरान उनके काफिले की एक कार का शीशा टूट गया। उस दौरे पर सांसद अधीर रंजन चौधरी थे। पुलिस के मुताबिक, उन्होंने वहां भड़काऊ भाषण दिया, जिससे कांग्रेस समर्थक भड़क गए। लेकिन अधीर के वकील का दावा है कि शीशा तोड़ने की घटना इस राज्य के बाहर हुई है। लेकिन पुलिस फर्जी मुकदमा दर्ज कर वरिष्ठ नेता को परेशान करने का प्रयास कर रही है। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल के पहले सप्ताह में होनी है।

# योगी की राडार पर 13000 मदरसे, मौलाना ने कहा, अगर टेरर फंडिग के सबूत तब बंद करें

### –एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट यूपी सरकार को सौंपी

**बरेली (एजेंसी)।** यूपी की योगी सरकार द्वारा राज्य में मदरसों की जांच के लिए बनी एसआईटी की टीम ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें करीब 13000 मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है। वहीं एसआईटी की सिफारिश पर प्रतिक्रिया देकर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने कहा, मदरसे धार्मिक शिक्षा का केंद्र है। यह संस्थाएं संविधान में दी गई इजाजत के अनुसार चलती हैं। (506) मदरसों को छोड़कर बाकी हज़ारों मदरसे मुस्लिम कौम के आपसी चंदे से चलते हैं, इनके संचालन और पढ़ाई लिखाई में हुकुमत कुछ भी मदद नहीं करती है, इसलिए मदरसों को बंद करने का आदेश देना उचित नहीं है।

मौलाना ने कहा, नेपाल-बार्डर पर सटे हुए विभिन्न जनपदों में स्थापित मदरसे कुछ नए नहीं हैं। बल्कि तीस चालीस साल पुराने बने हुए हैं, जब यह मदरसे बन रहे थे उस वक्त हुकूमत ने रोक क्यों नहीं लगाई। मान्यता की प्रक्रिया अपनाएं जाने के वक्त संबंधित अधिकारी पेपरों को चेक करते हैं। फिर मौका मुआयना करते हैं। लंबी प्रक्रिया के बाद के बाद मानता दी जाती है, अगर सरकार की नजर में यह मदरसे गलत हैं, तब मान्यता देने वाले अधिकारी भी गलत हैं।

मौलाना ने कहा कि जहां तक टेरर फंडिंग की बात है, यह जरूर चिंताजनक है। इस विषय पर किसी से समझौता नहीं किया जा सकता। जिन मदरसों की टेरर फंडिंग में लिप्त होने की बात कही जा रही है, योगी सरकार के पास अगर ठोस सुबूत हैं, तब इसतरह के मदरसों को जरूर बंद कर दिया जाना चाहिए।

मौलाना ने मदरसों के संचालकों व प्रबंधकों को कहा कि अपने मदरसे के तमाम कागजात दुरुस्त रखें, पैसों का लेन-देन बैंक अकाउंट व चेक से करें, चंदा लेने वाली रसीदों का रजिस्टर दुरुस्त रखें, सालाना इनकम टैक्स जमा करें, सालाना आमद व खर्च का बेवरा भी छापें और साथ ही अल्पसंख्यक विभाग या बेसिक शिक्षा विभाग से संबंध रखें ताकि लोग आपत्ति ना कर सके।




# अश्विन 100 टेस्ट मैच खेलने वाले विशिष्ट क्लब में शामिल हुए

**धर्मशाला ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने आज यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए मैदान में उतरते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली। अश्विन इसी के साथ ही 100 टेस्ट मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों के एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो गये। अश्विन 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14 वें भारतीय खिलाड़ी हैं। इस अवसर पर उनका परिवार भी स्टेडियम में मौजूद था। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अश्विन को 100वें टेस्ट पर कैप प्रदान करने के साथ ही पूरी टीम और अश्विन के परिवार के साथ इस विशेष पल का जश्न मनाया। अश्विन ने पहले भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर (200), राहुल द्रविड़ (163), वीवीएस लक्ष्मण (134), अनिल कुंबले (132), कपिल देव (131), सुनील गावस्कर 125, दिलीप वेंगसरकर (116), सौरव गांगुली (113), विराट कोहली (113), इशांत शर्मा (105), हरभजन सिंह (103) और चेतेश्वर पुजारा (103) ने ही 100 टेस्ट खेले हैं। अश्विन ने 99 टेस्ट में 507 विकेट, 116 एकदिवसीय में 156 विकेट और 65 टी20में 72 विकेट लिए हैं। टेस्ट में उनका औसत 23.91 है, जबकि उन्होंने 35 बार पांच विकेट और आठ बार 10 विकेट लिय हैं। अश्विन ने साल 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से वह भारतीय टेस्ट टीम के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, खासकर घरेलू मैदान पर। वह कुंबले की जगह पर घरेलू टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। इस टेस्ट सीरीज में उन्होंने घरेलू टेस्ट में 350 से अधिक विकेट का आंकड़ा भी अपने नाम किया है। राजकोट में अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट का आंकड़ा पार किया और कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने।





## नडाल इंडियन वेल्स से हटे

**इंडियन वेल्स ।**

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल बीएनपी परिबास ओपन टेनिस से हट गये हैं। नडाल ने टूर्नामेंट की शुरुआत से एक दिन पहले अपना नाम वापस ले लिया। नडाल अगर इस मुकाबले में खेलते तो यह उनका दो महीने में पहला आधिकारिक मैच होता। 22 बार के विजेता नडाल ने कहा कि उनके लिए टूर्नामेंट से बाहर होने की घोषणा करना कठिन था। एक बयान में नडाल ने कहा, 'यह आसान फैसला नहीं है, यह बेहद कठिन है पर मैं स्वयं से और अपने प्रशंसकों से झूठ नहीं बोल सकता। उन्होंने कहा, 'मैं कड़ी मेहनत और अभ्यास कर रहा हूं। आप सभी जानते हैं कि इस सप्ताहांत मैंने अपनी फिटनेस को जांच तो वह एक अहम मुकाबले में खेलने के स्तर की नहीं थी।

# इंग्लैंड को 218 पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने एक विकेट पर 135 रन बनाये

### कुलदीप , अश्विन की शानदार गेंदबाजी



**धर्मशाला ।**

भारत ने इंग्लैंड के साथ आज धर्मशाला में शुरु हुए पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करते पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 135 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय रोहित शर्मा 52 के साथ शुभमन गिल 26 रन बनाकर खेल रहे थे। आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रहे। यशस्वी ने 57 रन बनाये। इससे पहले कुलदीप यादव और आर अश्विन की शानदार गेंदबाजी से भारतीय टीम ने इंग्लैंड को पहली पारी में 218 रनों पर ही समेट दिया था। इस प्रकार भारतीय टीम अब पहली पारी के आधार पर 83 रन ही पीछे है और उसने मैच पर अपना शिकंजा कस दिया है। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो गलत साबित हुआ। उसके बल्लेबाज कुलदीप यादव 72 रन देकर पांच विकेट और आर अश्विन 51 रन देकर चार विकेट की शानदार गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाये। इंग्लैंड की तरफ से केवल जैक क्रॉली ही भारतीय गेंदबाजों का सामना कर पाये। उन्होंने 108 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए। इस मैच में भारत की ओर से देवदत्त पडिक्कल ने अपना टेस्ट डेब्यू किया। उन्हें रजत पाटीदार की जगह शामिल किया गया। इसके अलावा युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप की जगह अनुभवी जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई है। बुमराह को पिछले मैच में आराम दिया गया था। वहीं घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले देवदत्त पड्डिकल ने डेब्यू किया है। इसी के साथ ही टेस्ट में भारत के लिए खेलने वाले वह 314वें खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं इंग्लैंड ने पहले ही अपनी अंतिम ग्यारह की घोषणा कर दी थी। इंग्लैंड की अंतिम ग्यारह में तेज गेंदबाज मार्क वुड की वापसी हुई जबकि ओली रॉबिन्सन को बाहर रखा गया है। स्पिनर शोएब बशीर भी टीम में बने हुए हैं। इस मैच में भारत के अश्विन और इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो ने अपना 100 टेस्ट खेलकर एक अहम उपलब्धि भी हासिल की। इस मैच में बारिश की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार दूसरे, तीसरे और चौथे दिन धूप रहेगी पर 11 मार्च को फिर से बारिश होने की संभावना है। धर्मशाला की पिच पहले दो दिनों तक बल्लेबाजों की सहायक जबकि इसके बाद गेंदबाजों के अनुकूल हो सकती है।

# गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी को 19 रनों से हराया



**बेंगलुरु ।**

लौरा वोल्वार्ड्ट और बेथ मूनी के अर्धशतकों की सहायता से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 19 रनों से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में 199 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम 180 रन ही बना पायी। आरसीबी की ओर से कप्तान स्मृति मंधाना ने 24, एलिसा पेरी ने 24, सोफिया डिवाइन 23 रन ही बना पायीं। जॉर्जिया वेरहेम ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाये।आरसीबी की यह लीग में तीसरी हार है और वह अंक तालिका में फिसलकर दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है। । इससे पहले गुजरात की शुरूआत अच्छी रही थी। वोल्वार्ड्ट और मूनी ने आरसीबी ने तेजी से रन बनाये। वोल्वार्ड्ट ने 45 गेंदों पर 76 रन बनाए।

इसके बाद मूनी ने 85 रन बनाए। फोएबे लिचफील्ड ने तेजी से 18 रन बनाए जबकि एशले गार्डनर पहली ही गेंद पर पेवेलियन लौट गयीं। दयालन हेमलता ने सिर्फ 1 रन बनाया। मूनी ने इसके बाद पारी को 199 तक ले गई।

वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मेघाना 13 गेंदों पर 4 ही रन बना पाई लेकिन कप्तान स्मृति मंधाना ने 16 गेंदों पर 24 रन बनाकर स्कोर आगे बढ़ाया। एलिसा पेरी ने 23 गेंदों पर 24 तो सोफिया डिवाइन ने 16 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। मध्यक्रम में ऋचा घोष ने 21 गेंदों पर 30 तो जॉर्जिया वेरहेम ने 22 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 48 रन बनाए पर इनके आउट होते ही टीम ढ़ह गयी।

गुजरात की ओर से गेंदबाजी करते हुए एशले गार्डनर ने 23 रन देकर 2 विकेट लीं।

# अंतिम बार आईपीएल खेलने उतरेंगे कार्तिक

**मुम्बई ।**

भारतीय टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल 2024 सत्र के बाद इस लीग से संन्यास ले लेंगे।


कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले इस सत्र के लिए अभी तैयारियां कर रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की ओर से खेलने वाले 38 साल के कार्तिक ने साल 2008 से ही आईपीएल के सभी 16 सत्र खेले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये उनका अंतिम आईपीएल होगा। कार्तिक आईपीएल के सबसे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने अब तक इस लीग में छह टीमों की ओर से खेल है। उनकी कप्तानी में साल 2018 में नाइट राइडर्स की टीम आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। फिनिशर की भूमिका निभाते हुए उन्होंने आरसीबी के लिए 2022 में शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 2022 में 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। इस प्रदर्शन के आधार पर कार्तिक को ऑस्ट्रेलिया में आयोजित आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के लिए भारतीय टीम में जगह भी मिली थी। विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम तब सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गई। इसके बाद कार्तिक ने एक कमेंटेटर के तौर पर भूमिका निभानी शुरु कर दी। इस खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय करियर में भी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि उनके दौरान में टीम के पास विकेट कीपर बल्लेबाज के तौर पर महेंद्र सिंह धोनी जैसा खिलाड़ी था।

कार्तिक ने 242 आईपीएल मैच में 25.81 की औसत और 132.71 के स्ट्राइक रेट से 20 अर्धशतक की मदद से 4516 रन बनाए हैं। उन्होंने 141 कैच लेने के अलावा 36 स्टंपिंग भी की हैं।

# इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी देना सही नहीं : तेजस्विन खेलो

**नई दिल्ली ।**

ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों दिये जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि खेल मंत्रालय के इस कदम से खिलाड़ी नौकरी के लिए गलत तरीके अपना सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को देखती है। इससे पहले खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गत दिवस कहा था कि खेलो इंडिया , पैरा और शीतकालीन खेल के पदक विजेता भी सरकारी नौकरियों पा सकेंगे। वहीं राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले को सही नहीं मानते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। इसके लिए एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि। इस खिलाड़ी ने कहा, '...जब सरकारी नौकरी की बात हो तो अनुचित साधनों का सहारा लेने के लिए प्रोत्साहन वास्तव में बहुत अधिक है और आपको राष्ट्रीय स्तर पर आयु समूह स्तर पर एक बार पदक जीतना है जबकि हमें प्रदर्शन में निरंतरता को पुरस्कृत करना चाहिये। हालाकि उन्होंने उम्मीदवारों द्वारा अपनाए जाने वाले अनुचित साधनों की सटीक प्रकृति के बारे में कुछ नहीं कहा। वहीं खेल मंत्रालय का मानना है कि इस कदम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारना और खेल को एक आकर्षक तथा व्यावहारिक करियर विकल्प में बदलना है। तेजस्विन ने कहा कि खेलो इंडिया एक 'शानदार पहल है लेकिन नौकरी के अवसर देना उसके लक्ष्य को पूरा नहीं करता है। उन्होंने कहा, 'खेलो इंडिया जागरूकता बढ़ाने, प्रतिभा की खोज करने, रुचि विकसित करने, खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने आदि का एक शानदार अवसर है, यानी सच्चा जमीनी स्तर का विकास जो एक स्वागत योग्य कदम है पर नौकरियां इसमें फिट नहीं होती। तेजस्विन ने कहा, 'असली लक्ष्य राष्ट्रीय स्कूल, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों, खेलो इंडिया, जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप, सीबीएसई राष्ट्रीय चैंपियनशिप, केवीएस राष्ट्रीय चैंपियनशिप, अंडर 14-16 राज्य स्तर आदि का आयोजन करने वाली संस्थाओं के बीच तालमेल बैठाने का होना चाहिये।



## खास खबर




## धोनी के ऑटोग्राफ वाली टी शर्ट मैंने संभाल के रखी है : गावस्कर

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि महेन्द्र सिंह धोनी के ऑटोग्राफ (हस्ताक्षर) वाली टीशर्ट आज भी उनके घर पर रखी हुई है। गावस्कर ने धोनी की प्रशंसा करते हुए कहा वह उनके प्रशंसक के तौर पर मिले थे। इस दौरान धोनी से मिली ऑटोग्राफ वाली टी शर्ट आज भी उन्होंने संभाल कर रखी है। मैदान के अंदर और बाहर धोनी के अनुकरणीय व्यवहार पर गावस्कर ने खेल में रोल मॉडल के महत्व पर जोर दिया और धोनी की शालीनता और ईमानदारी की सराहना की। गावस्कर ने कहा कि वह हमेशा से ही धोनी के प्रशंसक रहे हैं और उन्हें अपनी उस टी शर्ट पर गर्व है जिस पर पिछले साल के आईपीएल में उनके हस्ताक्षर थे। ये ऑटोग्राफ वाली टी शर्ट उन्हें पिछले साल धोनी ने दी थी। उन्होंने कहा, 'जब मैंने धोनी को पहली बार खेलते देखा है, तब से ही मैं उनका प्रशंसक हूं और एक प्रशंसक क्या चाहता है। प्रशंसक अपने नायक से मिलना चाहता है और उसके साथ बातचीत करना चाहता है, उसका ऑटोग्राफ लेने की कोशिश करना चाहता है। मैं उनके क्रिकेट, उनके रवैये की प्रशंसा करता हूं। गावस्कर ने कहा, जब आप एक रोल मॉडल होते हैं तो आपके ऊपर सभी के साथ अच्छा व्यवहार करने और एक अच्छा रोल मॉडल बनने की जिम्मेदारी होती है। इस दौरान देखा जाता है कि आप किस तरह से अपने को शालीनता के साथ संचालित करते हैं।

## शाहीन पीएसएल में सबसे तेजी से 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

**लाहौर ।** लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन अफरीदी ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 23 वें मैच में सबसे तेज 100 विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। ये मुकाबला लाहौर कलंदर्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेला गया। शाहीन ने इस मुकाबले में 2 विकेट लेने के साथ ही एक विशेषसूची में भी जगह बना ली है। वह पीएसएल में 100 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज भी बन गए हैं। इससे पहले अब तक केवल दो गेंदबाजों ने ही पीएसएल में 100 विकेट लिए हैं। शाहीन ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ मैच में कुल 2 विकेट लिए। उन्होंने पहले एलेक्स हेल्स और उसके बाद नसीम शाह को पेवेलियन भेजा। इसके साथ ही वह पीएसएल में 100 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज भी बन गये। इससे पहले वहाब रियाज और हसन अली के नाम ही पीएसएल में 100 विकेट हैं। वहाब ने अब तक 88 मैचों में कुल 113 विकेट जबकि हसन ने 79 मैचों में 107 विकेट लिए हैं। शाहीन ने पीएसएल में डेब्यू साल 2018 में किया था। शुरू से ही वो लाहौर कलंदर्स में रहे हैं। पाकिस्तान के शादाब खान ने 79 मैचों में 87 विकेट जबकि फहीम असरफ ने 73 विकेट लिए हैं और वह भी आने वाले समय में 100 विकेट तक पहुंच सकते हैं।

## पणिकल भारत की ओर से टेस्ट डेब्यू करने वाले 314वें खिलाड़ी बने

**धर्मशाला ।**



24 साल के बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज देवदत्त पणिकल ने आज इंग्लैंड के खिलाफ यहां शुरु हुए पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में डेब्यू किया। उन्हें बल्लेबाज रजत पाटीदार की जगह शामिल किया गया था। पाटीदार पिछले तीन मैचों में रन बनाने में विफल रहे जिससे पणिकल को डेब्यू का अवसर मिला। पणिकर भारत की ओर टेस्ट खेलने वाले 314वें खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें कोच राहुल द्रविड़ ने टेस्ट कैप दी। पणिकर को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। इसके अलावा आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। पणिकर ने 2024 रणजी ट्रॉफी सीजन में 92.66 के शानदार औसत से 556 रन बनाकर अपनी टेस्ट दावेदारी पेश की थी। उन्होंने 3 शतकों के साथ उल्लेखनीय निरंतरता का प्रदर्शन किया, जिसमें 193 रन उनका सबसे अधिक स्कोर रहा। पडिक्कल ने 2024 रणजी ट्रॉफी की शुरुआत पंजाब के खिलाफ 193 रन के साथ की, इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे। 103 और 151 का स्कोर भी किया। पडिक्कल को की उम्र में टेस्ट डेब्यू का मौका मिला, इसके पहले उन्होंने साल 2021 में ही टी-20 डेब्यू किया था। 17 साल की उम्र में उन्होंने कर्नाटक प्रीमियर लीग (केपीएल) में बेंगलुरु ब्लास्टर्स के खिलाफ सिर्फ 53 गेंदों पर 72 रन बनाकर पहली बार सभी का ध्यान खींचा था। इस बल्लेबाज ने कूच बिहार ट्रॉफी में 829 रन बनाकर कर्नाटक रणजी ट्रॉफी टीम में जगह हासिल की। आईपीएल में आरसीबी की और से साल 2020 और 2021 के सत्र में 473 और 411 रन बनाए।

## राहुल आईपीएल से वापसी करेंगे , एनसीए में अपने प्रशिक्षण की तस्वीरें साझा कीं

**बेंगलुरु ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज के एल राहुल ने सर्जरी के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने प्रशिक्षण की तस्वीरें साझा की हैं। इस प्रकार राहुल ने 22 मार्च से होने वाले आईपीएल से अपनी वापसी के संकेत दिये हैं। आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करने वाले राहुल ने सोशल मीडिया पर 'हाय कैप्शन के साथ अपने अभ्यास की तस्वीरें साझा कीं हैं। लखनऊ की टीम 24 मार्च को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वापसी करेगी। राहुल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम में बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज वापसी कर सकते हैं। राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में जांध में हुए खिंचाव के बाद से ही टीम से बाहर हैं। हैदराबाद टेस्ट में 86 और 22 रन बनाने वाले राहुल को शुरुआत में विशापत्तनम में सीरीज के दूसरे मैच से बाहर किया गया था। वह इसके बाद से ही टीम से बाहर हैं हालांकि तीसरे से 5वें टेस्ट के लिए टीम में उनका नाम शामिल था पर फिटनेस हासिल करने में विफल रहने के कारण वह सीरीज से बाहर हो गये थे।



## बेयरस्टो 100 टेस्ट खेलने वाले इंग्लैंड के 17 वें खिलाड़ी बने

**धर्मशाला ।**

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारतीय टीम के खिलाफ यहां पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच की शुरुआत के साथ 100 टेस्ट मैच खेलने वाले इंग्लैड के 17 वें खिलाड़ी बन गये। इस अवसर पर बेयरस्टो ने कहा कि कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंचना उनके लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि इस बीच उन्हें कई कड़ी चुनौतियों से गुजरना पड़ा। बेयरस्टो ने कहा,''यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। कोई भी क्रिकेटर अपने करियर में 100 टेस्ट मैच खेलना चाहता है। मैंने 2012 में लॉर्ड्स में पदार्पण किया था और अगर 12 साल बाद मैं 100 टेस्ट मैच खेल रहा हूं। यह बेहद खुशी का पल है।बेयरस्टो ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 100वां मैच भी धर्मशाला में ही खेला था। उन्होंने इस मैच स्थल के बारे में कहा,''केपटाउन मेरा पसंदीदा मैदान है लेकिन मुझे नहीं लगता कि विश्व में धर्मशाला से खूबसूरत कोई और मैदान है। धर्मशाला टेस्ट से पहले बेयरस्टो ने 132 शतक और 26 अर्धशतक लगाते हुए 36.42 की औसत से 5,974 रन बनाए हैं।





# शिव लोक कल्याणकारी हैं तो संकट विनाशक भी

**शिवरात्रि का पर्व भी दु:खों को दूर करने एवं सुखों का सृजन करने का प्रेरक है। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है**

सम्पूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था तब भी शिव थे जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दु:खों को हरने वाले हैं। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुण मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है, जो शिवत्व का जन्म दिवस है। यह शिव से मिलन की रात्रि का सुअवसर है। इसी दिन निशीथ अर्धरात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिये यह पुनीत पर्व सम्पूर्ण देश एवं दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है। इससे हमारी चेतना जाग्रत होती है, जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

शिव सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दु:खों को हरने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं। इसलिये शिव संहारकर्ता के रूप में निर्माण एवं नव-जीवन के प्रेरक भी है। सृष्टि पर जब कभी कोई संकट पड़ा तो उसके समाधान के लिये वे सबसे आगे रहे। जब भी कोई संकट देवताओं एवं असुरों पर पड़ा तो उन्होंने शिव को ही याद किया और शिव ने उनकी रक्षा की। समुद्र-मंथन में देवता और राक्षस दोनों ही लगे हुए थे। सभी अमृत चाहते थे, अमृत मिला भी लेकिन उससे पहले हलाहल विष निकला जिसकी गर्मी, ताप एवं संकट ने सभी को व्याकुल कर दिया एवं संकट में डाल दिया, विष ऐसा की पूरी सृष्टि का नाश कर दें, प्रश्न था कौन ग्रहण करें इस विष को। भोलेनाथ को याद किया गया गया। वे उपस्थित हुए और इस विष को ग्रहण कर सृष्टि के सम्मुख उपस्थित संकट से रक्षा की। उन्होंने इस विष को कंठ तक ही रखा और वे नीलकंठ कहलाये। इसी प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिये भोले बाबा ने ही सहयोग किया। क्योंकि गंगा के प्रचंड दबाव और प्रवाह को पृथ्वी कैसे सहन करें, इस समस्या के समाधान के लिये शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया और फिर अनुकूल गति के साथ गंगा का प्रवाह उनकी जटाओं से हुआ। ऐसे अनेक सृष्टि से जुड़े संकट और उसके विकास से जुड़ी घटनाएं हैं जिनके लिये शिव ने अपनी शक्तियों, तप और साधना का प्रयोग करके दुनिया को नव-जीवन प्रदान किया। शिव का अर्थ ही कल्याण है, वही शंकर है, और वही रुद्र भी है। शंकर में शं का अर्थ कल्याण है और कर का अर्थ करने वाला। रुद्र में रु का अर्थ दु:ख और द्र का अर्थ हरना- हटाना। इस प्रकार रुद्र का अर्थ हुआ, दु:ख को दूर करने वाले अथवा कल्याण करने वाले।

शिवरात्रि का पर्व भी दु:खों को दूर करने एवं सुखों का सृजन करने का प्रेरक है। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है। दिखावे, ढोंग एवं आडम्बर से मुक्त विद्वान-अनपढ़, धनी-निर्धन कोई भी अपनी सुविधा तथा सामर्थ्य से उनकी पूजा और अर्चना कर सकता है। शिव न काठ में रहता है, न पत्थर में, न मिट्टी की मूर्ति में, न मन्दिर की भव्यता में, वे तो भावों में निवास करते हैं।

शिवरात्रि का व्रत करने वाले इस लोक के समस्त भोगों को भोगकर अंत में शिवलोक में जाते हैं। शिवरात्रि की पूजा रात्रि के चारों प्रहर में करनी चाहिए। शिव को बिल्वपत्र, धतूरे के पुष्प तथा प्रसाद में भांग अति प्रिय हैं। लौकिक दृष्टि से दूध, दही, घी, शकर, शहद- इन पाँच अमृतों (पंचामृत) का पूजन में उपयोग करने का विधान है। महामृत्युंजय मंत्र शिव आराधना का महामंत्र है। शिवरात्रि वह समय है जो पारलौकिक, मानसिक एवं भौतिक तीनों प्रकार की व्यथाओं, संतापों, पाशों से मुक्त कर देता है। शिव की रात शरीर, मन और वाणी को विश्राम प्रदान करती है। शरीर, मन और आत्मा को ऐसी शान्ति प्रदान करती है जिससे शिव तत्व की प्राप्ति सम्भव हो पाती है। शिव और शक्ति का मिलन गतिशील ऊर्जा का अन्तर्जगत से एकात्म होना है। लौकिक जगत में लिंग का सामान्य अर्थ चिह्न होता है जिससे पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग की पहचान होती है। शिव लिंग लौकिक के परे है। इस कारण एक लिंगी है। आत्मा है। शिव संहारक हैं। वे पापों के संहारक हैं। शिव की गोद में पहुंचकर हर व्यक्ति भय-ताप से मुक्त हो जाता है।

भगवान शिव को रूद्र नाम से जाना जाता है रुद्र का अर्थ है रुत् दूर करने वाला अर्थात दुखों को हरने वाला अत: भगवान शिव का स्वरूप कल्याण कारक है। शिव शक्ति के प्रतीक ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ काल में हुआ था। शिव पुराण के अनुसार सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा ने इसी दिन रुद्र रूपी शिव को उत्पन्न किया था। शिव एवं हिमालय पुत्री पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ था। अत: यह शिव एवं शक्ति के पूर्ण समरस होने की रात्रि भी है। वे सृष्टि के सर्जक हैं। वे मनुष्य जीवन के ही नहीं, सृष्टि के निर्माता, पालनहार एवं पोषक हैं। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। शिवरात्रि जागृति का पर्व है, जिसमें आत्मा का मंगलकारी शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभव है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है। काल के इस क्षण की सार्थकता शिवमय हो जाने में है। शक्ति माया नहीं है, मिथ्या नहीं है, प्रपंच नहीं है। इसके विपरीत शक्ति सत्य है। जीव और जगत भी सत्य है। सभी तत्वत: सत्य हैं। सभी शिवमय हैं।

सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। शिवरात्रि भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है, संयम की, त्याग की, भक्ति की, संतुलन की। सुविधाओं के बीच रहने वालों के लिये सोचने का अवसर है कि वे आवश्यक जरूरतों के साथ जीते हैं या जरूरतों से ज्यादा आवश्यकताओं की मांग करते हैं। इस शिवभक्ति एवं उपवास की यात्रा में हर व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। यह तपस्या स्वयं के बदलाव की एक प्रक्रिया है। यह प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा है। इसमें भौतिक परिणाम पाने की महत्वाकांक्षा नहीं, सभी चाहों का संन्यास है। शिव ने संसार और संन्यास दोनों को जीया है। उन्होंने जीवन को नई और परिपूर्ण शैली दी। पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति की जीवन में आवश्यकता और उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। कला, साहित्य, शिल्प, मनोविज्ञान, विज्ञान, पराविज्ञान और शिक्षा के साथ साधना के मानक निश्चित किए। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता सिखलाई। वे भारतीय जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं। आज उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व सृष्टि के इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। उनका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणास्रोत है। लेकिन हम इतने भोले हैं कि अपने शंकर को नहीं समझ पाए, उनको समझना, जानना एवं आत्मसात करना हमारे लिये स्वाभिमान और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला अनुभव सिद्ध हो सकता है। मानवीय जीवन के सभी आयाम शिव से ही पूर्णत्व को पाते हैं।

# हमारे जीवन में ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दिखलाता है महाशिवरात्रि का पर्व

महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। भारत के सभी प्रदेशो में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारिशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते है। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिव रात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है।



शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है। योगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है। माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है।

राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्वारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं। पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव पार्वती जी कैलाश पर्वत पर बैठे थी। उसी समय पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया। संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शिघ्र कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अत: उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे एक शिवलिंग था। जब वह पेड़ पर अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था। साथ ही शिवलिंग पर बेल-पत्र भी अपने आप चढ़ते गये। एक पहर रात्रि बीतने पर एक गर्भवती हिरणी पानी पीने आई। उस व्याध ने तीर को धनुष पर चढ़ाया किन्तु हिरणी की कातर वाणी सुनकर उसे इस शर्त पर जाने दिया कि सुबह होने पर वह स्वयं आयेगी। दूसरे पहर में दूसरी हिरणी आई। उसे भी छोड़ दिया। तीसरे पहर भी एक हिरणी आई उसे भी उसने छोड़ दिया और सभी ने यही कहा कि सुबह होने पर मैं आपके पास आऊंगी। चौथे पहर एक हिरण आया। उसने अपनी सारी कथा कह सुनाई कि वे तीनों हिरणियां मेरी स्त्री थी। वे सभी मुझसे मिलने को छटपटा रही थी। इस पर उसको भी छोड़ दिया तथा कुछ और भी बेल-पत्र नीचे गिराये। इससे उसका हृदय बिल्कुल पवित्र, निर्मल तथा कोमल हो गया। प्रात: होने पर वह बेल-पत्र से नीचे उतरा। नीचे उतरने से और भी बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ गये। अत: शिवजी ने प्रसन्न होकर उसके हृदय को इतना कोमल बना दिया कि अपने पुराने पापों को याद करके वह पछताने लगा और जानवरों का वध करने से उसे घृणा हो गई। सुबह वे सभी हिरणियां और हिरण आये। उनके सत्य वचन पालन करने को देखकर उसका हृदय दुग्ध सा धवल हो गया और वह फूट-फूट कर रोने लगा। योगियों और संन्यासियों के लिए यह वह दिन है जब शिव कैलाश पर्वत के साथ एकाकार हो गए थे। योगिक परम्परा में शिव को ईश्वर के रूप में नहीं पूजा जाता है। बल्कि उन्हें प्रथम गुरु, आदि गुरु माना जाता है। जो योग विज्ञान के जन्मदाता थे। कई सदियों तक ध्यान करने के बाद शिव एक दिन वह पूरी तरह स्थिर हो गए। उनके भीतर की सारी हलचल रुक गई और वह पूरी तरह स्थिर हो गए। वह दिन महाशिवरात्रि था। इसलिए संन्यासी महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात के रूप में देखते हैं।

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। इस रात धरती के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में ऊर्जा कुदरती रूप से ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति इंसान को अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाएं रखने वाले लोग इस दिन को शिव की दुश्मनों पर विजय के रूप में देखते हैं।

# सुख-सौभाग्य की प्राप्ति के रोजाना 'ऊँ नम: शिवाय' मंत्र का करें जाप

सनातन धर्म में मंत्रोच्चार का अधिक महत्व माना जाता है। हिंदू धर्म और सनातन परंपरा में जितने भी मंत्र है, उन सभी का अपना माहत्व है। साथ ही इन मंत्रों के जाप से कई लाभ भी मिलते हैं। ऐसे में अगर आप भी भगवान शिव की कृपा व आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि 'ऊँ नम : शिवाय' मंत्र का जाप करने से क्या लाभ मिलता है और इस मंत्र जाप का क्या महत्व होता है।

'ऊँ नम : शिवाय' मंत्र जाप का महत्व

भगवान भोलेनाथ के 'ऊँ नम : शिवाय' मंत्र को पंचाक्षर भी कहा जाता है। धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक भगवान शिव के इस मंत्र में पंच तत्व समाहित हैं। इस मंत्र के प्रथम अक्षर यानी की 'ऊँ' से सूर्य का निर्माण हुआ है। वहीं ऊँ अक्षर भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है।


ऐसे में जब आप ऊँ कहते हैं, तो इससे महादेव के साथ ही सूर्य की भी आराधना हो जाती है। वहीं नम : शिवाय का अर्थ है कि भगवान भोलेनाथ के चरणों में नमन कर खुद का समर्पण दिखाना। इसलिए हमें रोजाना 'ऊँ नम : शिवाय' मंत्र का जाप करना चाहिए।

पंचाक्षर मंत्र जपने के लाभ

भगवान शिव के इस मंत्र जाप से व्यक्ति में तेज पैदा होता है। जातक का व्यवहार और उसका व्यक्तित्व उसे तेजस्वी और आकर्षक बनाता है। ऐसे में जो भी व्यक्ति 'ऊँ नम : शिवाय' मंत्र का रोजाना जाप करता है, उसके जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं।

बताया जाता है कि 'ऊँ नम : शिवाय' मंत्र का रोजाना जाप करने से व्यक्ति पर भगवान शिव की कृपा बनी रहती है। व्यक्ति को भोलेनाथ का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त होता है। भगवान भोलेनाथ खुद उस व्यक्ति की हर नकारात्मक चीज से रक्षा करते हैं और व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियों का आगमन होता है।

रोजाना 'ऊँ नम : शिवाय' मंत्र जाप करने से महादेव की कृपा के साथ ही सूर्यदेव की कृपा भी प्राप्त होती है। बता दें कि सूर्य देव नव ग्रह के राजा माने जाते हैं। ऐसे में सूर्य देव के शांत होने से अन्य सभी ग्रह भी शांत हो जाते हैं।


जय श्री राम
ॐ नमः शिवाय
महा शिवरात्रि
की सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र नागर
राष्ट्रीय सचिव एवं
राज्यसभा सांसद
चौ. अजय प्रधान (बिसरख)
वरिष्ठ भाजपा नेता
निवेदकः भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर